

# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र



परिणीति चोपड़ा ने वेब सीरीज पूरी की -पेजः 8

ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए पहले से ही तैयार था -पेजः 8

वर्षः 01 | अंकः 28 | शुक्रवार- 2 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्यः 4 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र, गुजरात के स्थापना दिवस पर दोनों राज्यों के लोगों को बधाई दी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र एवं गुजरात के स्थापना



दिवस पर दोनों राज्यों के लोगों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि दोनों राज्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। गुजरात एवं महाराष्ट्र की स्थापना एक मई, 1960 को भाषाई आधार पर तत्कालीन बंबई राज्य के विभाजन के बाद हुई थी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच पर अपने संदेश में कहा, ''गुजरात राज्य के स्थापना दिवस पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर देश-विदेश में रह रहे गुजराती भाई-बहनों को हार्दिक बधाई देती हूं।''

### अदालत ने तहव्वुर राणा की आवाज, लिखावट के नमूने रिकॉर्ड करने की अनुमति दी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को



26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की आवाज और लिखावट के नमूने एकत्र करने की अनुमति दे दी है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। एनआईए की विशेष अदालत के न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने 28 अप्रैल को राणा की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी थी। उन्होंने एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन पर 30 अप्रैल को आदेश पारित किया। 26/11 के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी के करीबी सहयोगी राणा को प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा एक अमेरिकी नागरिक है और चार अप्रैल को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी।

### धनशोधन के 1700 से अधिक मामले सुनवाई के स्तर परः ईडी निदेशक

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच वाले धनशोधन के 1700 से अधिक मामले वर्तमान में सुनवाई के चरण में हैं और अदालतों में देरी के लिए देश में न्याय प्रणाली में लगने वाले समय को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ईडी निदेशक राहुल नवीन ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। ईडी के शीर्ष अधिकारी ने हालांकि कहा कि ईडी के मामलों में दोषसिद्धि की दर 93.6 प्रतिशत है क्योंकि अब तक अदालतों ने जिन 47 मामलों में फैसला सुनाया है, उनमें से केवल तीन मामलों में आरोपी बरी हुए हैं। उन्होंने यहां आयोजित ईडी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पीएमएलए के कुल 1,739 मामले विचाराधीन हैं और धनशोधन मामलों में अभियोजन में देरी के लिए देश में न्याय प्रणाली में सामान्य देरी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। नवीन ने कहा कि वह पीएमएलए के मामलों में लंबित जांच को 'स्पष्ट रूप से' स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी का प्रयास अदालतों के समक्ष ऐसे मामलों में आरोपपत्र दाखिल करना होगा। उन्होंने कहा कि ईडी अपनी जांच में उन्नत प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक का उपयोग करेगी।

जाति जनगणना के फैसले ने

# असली इरादों और खोखली नारेबाजी के बीच अंतर साफ कियाः धर्मेंद्र प्रधान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के सरकार के फैसले ने ''असली इरादों और खोखली नारेबाजी'' के बीच के अंतर को उजागर किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने इस कदम को ''पासा पलटने वाला फैसला'' बताया जिसका कई विपक्षी दलों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा, ''इस महत्वपूर्ण फैसले ने हमारे असली इरादों और विपक्ष की खोखली नारेबाजी के बीच के अंतर को उजागर किया है। हालांकि अधिकतर विपक्षी दलों ने इसका स्वागत किया है।''

उन्होंने कहा, ''जाति जनगणना का यह निर्णय अचानक नहीं लिया गया है। 'सबका साथ-सबका विकास' मोदी सरकार का सैद्धांतिक और दार्शनिक मत रहा है। हमारे सभी कार्यक्रमों और योजनाओं का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय रहा है। समाज के सभी वर्गों को वैज्ञानिक तरीके से लाभ, सुविधाएं और सहूलियत प्रदान करना हमारा उद्देश्य रहा है।'' सरकार ने एक बड़े फैसले के तहत बुधवार को घोषणा की कि आगामी जनगणना में जाति गणना को ''पारदर्शी'' तरीके से शामिल किया जाएगा।

रकार ने यह घोषणा करते हुए जाति सर्वेक्षणों को ''राजनीतिक उपकरण'' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की।



कांग्रेस सहित विपक्षी दल देश भर में जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं और इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया गया है। बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ राज्य पहले ही ऐसे सर्वेक्षण कर चुके हैं। प्रधान ने जाति जनगणना की घोषणा का श्रेय लेने के लिए कांग्रेस पर पलटवार किया।

उन्होंने कहा, ''जब कल यह फैसला लिया गया, तो कुछ लोग नाराज हो गए। उन्होंने कहा, 'सरकार उनकी (सत्तारूढ़ पार्टी) है, लेकिन व्यवस्था हमारी (विपक्ष की) है।'' उन्होंने कहा, ''सामाजिक न्याय को पटरी पर लाने के लिए 1977 की जनता पार्टी सरकार के तहत मंडल आयोग का गठन किया गया था। भाजपा का पूर्ववर्ती जनसंघ इस सरकार का हिस्सा था।''

मंत्री ने कहा कि मंडल आयोग की रिपोर्ट 10 साल तक ''कालकोठरी में बंद'' रही। उन्होंने पूछा, ''तब सरकार और व्यवस्था किसके हाथ में थी?''

### 'सरकार ने खबर का शीर्षक दिया, लेकिन समय सीमा नहीं बताई'



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले की घोषणा के बाद बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ''बिना समय सीमा के सुर्खियां बनाने में माहिर हैं''। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस फैसले को लेकर कई सवाल उठते हैं, खासकर सरकार की मंशा पर। उन्होंने मांग की कि जनगणना जल्द से जल्द होनी चाहिए।

### पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने की जरूरतः चिराग पासवान



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा)-रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के केंद्र सरकार के फैसले के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और कहा कि समाज के पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए यह कदम जरूरी था। चिराग ने जाति जनगणना का श्रेय लेने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना की। लोजपा (रामविलास) नेता ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल श्रेय लेने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं जबकि उन्होंने सत्ता में रहते हुए कुछ नहीं किया।

### फैसले के मद्देनजर कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को



**आगामी** जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने के सरकार के फैसले पर चर्चा के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को एक बैठक होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सरकार के फैसले और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में शाम 4 बजे कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पिछले सप्ताह 24 अप्रैल को भी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वह सरकार द्वारा ''11 साल तक विरोध'' करने के बाद आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने के ''अचानक'' लिए गए फैसले का स्वागत करते हैं। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र को इसके कार्यान्वयन के लिए समयसीमा बतानी चाहिए।

### 'जनगणना के लिए स्पष्ट योजना तैयार करनी चाहिए'

**माकपा** के महासचिव एमए बेबी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार को जाति आधारित जनगणना कराने के लिए स्पष्ट योजना बनानी चाहिए और इस पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से सलाह लेनी चाहिए। मजदूर दिवस के अवसर पर यहां पार्टी मुख्यालय में माकपा का झंडा फहराने के बाद बेबी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना की मांग माकपा समेत सभी विपक्षी दलों ने की है।

पहलगाम आतंकी हमला

## अमेरिका ने भारत, पाकिस्तान से तनाव कम करने को कहा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना के कुछ दिन बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से फोन पर अलग-अलग बातचीत की और दोनों देशों से किसी भी तनाव से बचने का आग्रह किया।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर के साथ बुधवार रात को फोन पर हुई अपनी बातचीत में रुबियो ने पहलगाम में ''भयावह'' आतंकवादी हमले में लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने शरीफ से इस हमले की जांच में इस्लामाबाद के सहयोग का आह्वान किया। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। बातचीत के दौरान जयशंकर ने रुबियो से कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों, उनका साथ देने वालों और इसकी साजिश रचने वालों को निश्चित रूप से न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए।



विदेश मंत्री ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''कल अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके दोषियों, उनका सहयोग करने वालों और साजिश रचने वालों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए।''

जयशंकर-रुबियो की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के तार सीमा पार से जुड़े होने के मद्देनजर भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई किए जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## मतदाता सूची की शुद्धता के लिए निर्वाचन आयोग आरजीआई से पंजीकृत मौतों की सूची मांगेगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** मतदाता सूचियों की अधिक शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग अब मतदाता सूची को तेजी से और सटीक रूप से अद्यतन करने के वास्ते भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण आंकड़ा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पिवार को कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत हुए मौत के आंकड़ों के बारे में समय पर जानकारी मिल जाएगी और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को मृतक के परिजनों के औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा किए बिना, क्षेत्र का दौरा करके जानकारी का पुनः सत्यापन करने की अनुमति मिल जाएगी। निर्वाचन आयोग को मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 तथा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत ऐसे विवरण मांगने का अधिकार है। मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) को अधिक मतदान अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन में भी संशोधन करने का निर्णय लिया है। मतदाता की क्रम संख्या और अन्य विवरण अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे तथा अक्षरों का आकार भी बढ़ा दिया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना आसान हो जाएगा।

## भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समयः प्रधानमंत्री मोदी

**मुंबई (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है और रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।



मोदी ने यहां पहले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह ''भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन'' का सही समय है जब दुनिया कहानी कहने के नए तरीके तलाश रही है और भारत के पास इस दिशा में काम करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, ''मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है।'' 'वेव्स' का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है।

## 'शरबत जिहाद' विवादः रामदेव किसी के वश में नहीं हैंः अदालत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'हमदर्द' के रूह अफ़ज़ा के खिलाफ योग गुरू रामदेव के विवादास्पद ''शरबत जिहाद'' वाले बयान पर बृहस्पतिवार को उन्हें प्रथम दृष्टया अदालत के आदेश की अवमानना का दोषी पाया और कहा कि रामदेव ''किसी के वश में नहीं हैं'' और वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं। अदालत ने पहले उन्हें 'हमदर्द' के उत्पादों के बारे में भविष्य में कोई बयान जारी नहीं करने या वीडियो साझा नहीं करने का आदेश दिया था।




न्यायमूर्ति अमित बंसल को बृहस्पतिवार को सूचित किया गया कि अदालत के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो प्रसारित किया है। इसके बाद उन्होंने कहा, ''पिछले आदेश के मद्देनजर, उनका हलफनामा और यह वीडियो प्रथम दृष्टया अवमानना के अंतर्गत आता है। मैं अब अवमानना नोटिस जारी करूंगा। हम उन्हें यहां बुला रहे हैं।''

न्यायमूर्ति ने टिप्पणी की, ''वह (रामदेव) किसी के वश में नहीं हैं। वह अपनी ही दुनिया में रहते हैं।''

रामदेव के वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई कुछ समय बाद की जाए, क्योंकि मामले में बहस करने वाले वकील उपलब्ध नहीं हैं। इसके बाद, अदालत ने सुनवाई कुछ समय के लिए टाल दी। 'हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया' ने विवादित टिप्पणी को लेकर रामदेव और उनकी 'पतंजलि फूड्स लिमिटेड' के खिलाफ याचिका दायर की है।

अदालत ने पिछली बार कहा था कि 'हमदर्द' के रूह अफ़ज़ा पर रामदेव की ''शरबत जिहाद'' वाली टिप्पणी अनुचित है और इसने उसकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है, जिसके बाद योग गुरु ने आश्वासन दिया था कि वह संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा देंगे।

# पंजाब सरकार दिल्ली में पानी की आपूर्ति रोक कर 'गंदी राजनीति' कर रही : मंत्री

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** पानी के बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच जारी जुबानी जंग में शामिल होते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब पर दिल्ली में पानी की आपूर्ति रोककर ''गंदी राजनीति'' करने का आरोप लगाया।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भाजपा पर भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब सरकार पर हरियाणा की मांगों को पूरा करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया और कहा कि पड़ोसी राज्य ने मार्च तक अपने हिस्से का पानी पहले ही इस्तेमाल कर लिया था।

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर



एक पोस्ट में आप शासित पंजाब सरकार पर हरियाणा और दिल्ली को यमुना का पानी रोककर ''गंदी राजनीति'' करने का आरोप लगाया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, ''पंजाब सरकार हरियाणा और दिल्ली का पानी रोककर गंदी राजनीति पर उतर आई है। दिल्ली में हारने के बाद अब वे दिल्ली में जल संकट पैदा करना चाहते हैं।'' हालांकि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार तक पानी की आपूर्ति सामान्य थी।

वर्मा ने कहा, ''हम दिल्ली में साफ और हर घर में पानी देने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं और अब पंजाब सरकार दिल्ली की जनता से इस तरह बदला लेना चाहती है। बंद करो ये गंदी राजनीति! वरना पंजाब से भी जाओगे!''

आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा, ''केंद्र सरकार ने पाकिस्तान जाने वाली सिंधु नदी के पानी को रोक दिया है - साफ है, भारत में पानी की कोई कमी नहीं है। अगर उस पानी का एक प्रतिशत भी दिल्ली को आवंटित कर दिया जाए तो राष्ट्रीय राजधानी का जल संकट तुरंत हल हो सकता है।''

उन्होंने दावा किया कि पंजाब सरकार ने दिल्ली या हरियाणा के लिए पानी नहीं रोका है, बल्कि भाजपा पंजाब के जायज हिस्से को छीनने के लिए ''गुंडागर्दी'' का सहारा ले रही है।

उन्होंने कहा, ''भाजपा हर दिन झूठ बोलती है और हर दिन बेनकाब होती है। दिल्ली सरकार के मंत्री अब दावा कर रहे हैं कि पंजाब ने दिल्ली को पानी की आपूर्ति रोक दी है, जबकि न तो यमुना और न ही गंगा पंजाब से होकर बहती है।''

यमुना नदी का पंजाब से कोई सीधा संबंध नहीं है क्योंकि यह उत्तराखंड के यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलती है और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में खत्म होती है।

### 'दिल्ली सरकार श्रमिकों और उनके परिवार की सालाना स्वास्थ्य जांच कराएगी'



**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों की सालाना स्वास्थ्य जांच कराएगी और उनके लिए दोपहर से अपराह्न तीन बजे तक का समय आराम करने के लिए तय करने के संबंध में अधिसूचना जारी करेगी। 'अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस' पर श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आजीविका के लिए दिल्ली आने वाले लोगों के बेहतर जीवन और बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है। दिल्ली में सत्ता में आने के बाद पिछले दो महीनों में अपनी सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डालते हुए गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य जांच की योजना में सभी श्रमिक और उनके परिवार शामिल होंगे।

### दिल्ली सरकार ने 20 दिवसीय स्वच्छता अभियान की घोषणा की

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में 20 दिवसीय व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू करने की घोषणा की। सरकार का लक्ष्य शुक्रवार से शुरू होने वाले इस अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर 'कचरा पृथक्करण' को लागू करना, अतिक्रमण हटाना और दैनिक निगरानी सुनिश्चित करना है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना की अध्यक्षता में राजनिवास में आयोजित बैठक के बाद यह घोषणा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत जिलाधिकारियों, उपायुक्तों, पुलिस उपायुक्तों और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हर धार्मिक स्थल, बाजार और स्कूल को एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

## संपादकीय

# मनमानी रोकने को दिल्ली सरकार विधेयक




निस्संदेह, सरस्वती के मंदिरों का व्यापार का केंद्र बनना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। नौकरियों में अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते अभिभावक अपना पेट काटकर बच्चों को महंगे पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं। लेकिन सीमित आय वर्ग वाले कर्मचारियों व आम लोगों का कष्ट तब बढ़ जाता है जब स्कूल प्रबंधन मनमाने ढंग से हर साल फीस बढ़ाने लगते हैं। दलील दी जाती हैं कि छात्रों को गुणवत्ता की शिक्षा देने और योग्य शिक्षकों के अच्छे वेतन हेतु फीस बढ़ाने की जरूरत होती है। सर्वविदित है कि निजी स्कूलों के शिक्षकों की तनख्वाह सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के मुकाबले काफी कम होती है। दरअसल, केवल स्कूल की फीस ही नहीं बढ़ती बल्कि तमाम अन्य मदों में अभिभावकों की जेब तराशने का सिलसिला सारे साल बदस्तूर चलता रहता है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये अभिभावक भी फीस की टीस को बर्दाशत करते हैं। लेकिन जब दिल्ली के स्कूल प्रबंधकों की मनमानी सीमा पार करने लगी तो अभिभावक विरोध में सड़कों पर उतर आये। दिल्ली सरकार भी हरकत में आई और आनन-फानन में फीस नियंत्रण के लिये एक विधेयक लाया गया। सभी के लिये किफायती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का प्रमुख लक्ष्य रहा है। लेकिन इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के मार्ग पर एक बड़ी बाधा निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों का आर्थिक शोषण रहा है। मुख्य रूप से ये स्कूल पूरी तरह लाभ के लिये संचालित किए जाते हैं। दरअसल, इस मामले में जांच व नियमन का मजबूत तंत्र न होने का लाभ निजी स्कूल उठाते रहे हैं। जिसने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर व्यावसायीकरण को बढ़ावा दिया है। ऐसे में दिल्ली सरकार की कैबिनेट का राष्ट्रीय राजधानी के सभी स्कूलों में फीस के नियमन को एक विधेयक को मंजूरी देना सुखद ही है। जिसके अंतर्गत उचित अनुमोदन के बिना फीस बढ़ाने पर दस लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

निश्चय ही दिल्ली सरकार की इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। इससे उन अभिभावकों को राहत मिलेगी जो हर साल फीस बढ़ाए जाने से त्रस्त रहते हैं। बताया जा रहा है कि जल्दी ही विधानसभा में पेश किए जाने वाले इस विधेयक में स्कूलों के लिये जिला व राज्य स्तर पर समितियों के गठन का प्रस्ताव है। इनके पैनल द्वारा पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस वृद्धि के प्रस्तावों की जांच की जाएगी। निस्संदेह, इस विधेयक का मकसद असहाय अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन के मनमाने फैसलों से बचाना है। दरअसल, देखने में आया है कि स्कूल प्रबंधन से जुड़े अधिकारी मनमाने ढंग से फीस में बढ़ोतरी करते रहते हैं। जो एक जबरन वसूली जैसा ही है, वजह है स्कूल के अधिकारियों के पास तमाम अधिकारों का होना।

# ग्लोबल आतंकवाद का भी सबसे बड़ा चैंपियन है पाकिस्तान



» नीरज कुमार दुबे
लेखक- वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

**पाकिस्तान को भारत इस बार करारा सबक सिखाने की तैयारी कर चुका है। माना जा सकता है कि इस बार इस्लामाबाद और रावलपिंडी में बैठे लोगों की हेकड़ी इस कदर निकलेगी कि पाकिस्तानी आतंकवाद से सिर्फ भारत को ही नहीं बल्कि दुनिया को भी राहत मिलेगी।**

पाकिस्तान कह रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले में हमारा हाथ नहीं है। पाकिस्तान कह रहा है कि हम तो खुद ही आतंकवाद के खिलाफ हैं इसलिए आतंकवाद को कैसे फैला सकते हैं। जबकि असलियत यह है कि दुनिया के किसी भी कोने में होने वाले आतंकवादी हमले के तार कहीं ना कहीं पाकिस्तान से जुड़े हुए नजर आते हैं। आप तमाम तथ्यों पर गौर करेंगे तो पता चलेगा कि पाकिस्तान का आतंकवाद को प्रायोजित करने, शरण देने और निर्यात करने का जोरदार रिकॉर्ड है। पाकिस्तान सिर्फ सीमा पार से भारत में ही आतंकवादियों को नहीं भेजता बल्कि यह देश दशकों से अपनी ज़मीन का इस्तेमाल दुनिया भर में आतंकवाद, विद्रोह और कट्टरपंथी विचारधारा के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में करता है। पाकिस्तान के नेता और अधिकारी भी समय-समय पर इस बात को स्वीकारते रहे हैं कि आतंकवाद वहां की सरकारी नीति रही है।

हम आपको याद दिला दें कि 2018 में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ ने संकेत दिया था कि 2008 के मुंबई हमलों में जोकि पाकिस्तान-आधारित इस्लामी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए थे, उसमें पाकिस्तानी सरकार की भूमिका हो सकती है।

हम आपको याद दिला दें कि परवेज़ मुशर्रफ़ ने स्वीकार किया था कि उनकी सेना ने कश्मीर में भारत से



लड़ने के लिए आतंकवादी समूहों को प्रशिक्षण दिया था। उन्होंने माना था कि सरकार ने जानबूझकर आंखें मूंद लीं थीं क्योंकि वह भारत को बातचीत के लिए मजबूर करना और इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहती थी।

यही नहीं, अभी कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने स्वीकार किया था कि देश ने तीन दशकों से अधिक समय तक आतंकवादी समूहों का समर्थन किया। उन्होंने इसे अमेरिका-नेतृत्व वाली विदेश नीति से जुड़ी एक भूल भी बताया।

वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के निर्यात का पाकिस्तान का रिकॉर्ड देखेंगे तो वह भी 'शानदार' रहा है। आस-पड़ोस छोड़िये, दूरदराज के देशों तक को पाकिस्तान ने नहीं छोड़ा है। अफगानिस्तान की ओर देखें तो पता चलता है कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) ने अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क को फंडिंग, प्रशिक्षण और सुरक्षित पनाह मुहैया कराई। जिससे इन समूहों ने अफगान नागरिकों, सरकारी ठिकानों और अंतरराष्ट्रीय बलों पर कई घातक हमले किए, जिनमें 2008 का काबुल स्थित भारतीय दूतावास पर हमला और 2011 का अमेरिका दूतावास पर हमला भी शामिल है। वरिष्ठ पत्रकार कार्लोटा गॉल ने अपनी पुस्तक में लिखा था कि ₹इस हमले को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया था और इसकी निगरानी की गई थी।"

यही नहीं, रूस के मॉस्को में पिछले साल कॉन्सर्ट हॉल हमले की जांच के दौरान इस साल हमले में पाकिस्तान से जुड़ा लिंक सामने आया। रूसी अधिकारियों ने मास्टरमाइंड को एक ताजिक नागरिक के रूप में पहचाना और पाकिस्तान से संभावित कनेक्शन की जांच शुरू की है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि हमलावरों को लॉजिस्टिकल या वैचारिक समर्थन पाकिस्तानी नेटवर्क से मिला हो सकता है।

ईरान की ओर देखें तो सामने आता है कि पाकिस्तान स्थित सुन्नी उग्रवादी समूह जैश उल-अदल ने ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में बार-बार ईरानी सुरक्षा बलों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने 16 जनवरी 2024 को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें जैश उल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। ईरान नियमित रूप से पाकिस्तान पर सुन्नी आतंकवादियों को शरण देने और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाता रहा है।

ब्रिटेन में 2005 के लंदन बम धमाके को भी याद कीजिये। 7 जुलाई 2005 को लंदन में हुए बम धमाकों को अंजाम देने वाले चार ब्रिटिश इस्लामी आतंकवादियों का संबंध पाकिस्तान में प्रशिक्षण और कट्टरपंथी विचारधारा से था। जांच में यह बात सामने आई थी कि तीन हमलावर— मोहम्मद सिद्दीक़ ख़ान, शहज़ाद तनवीर और जर्मेन लिंडसे ने 2003 से 2005 के बीच पाकिस्तान में समय बिताया था।

यही नहीं, आतंकवाद से लड़ाई में पाकिस्तान कितना दोहरा रवैया अपनाता है इसका खुलासा तब हुआ था जब 2011 में अमेरिका ने अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के एबटाबाद में मार गिराया था। ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान की सैन्य अकादमी के पास एक सुरक्षित परिसर में वर्षों तक रहा, जिससे ISI की मिलीभगत सामने आई। एक ओर ओसामा को ढूंढ़ने के नाम पर पाकिस्तान अमेरिका से अरबों डॉलर ऐंठता रहा तो दूसरी ओर ओसामा को खुद ही सुरक्षित पनाहगाह में छिपाकर रखे रहा।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को भी नहीं बख्शा। आज भले बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार का पाकिस्तान पर प्रेम उमड़ रहा हो लेकिन असलियत यही है कि इस्लामाबाद ने ढाका को अस्थिर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जरा बांग्लादेश में जमात-उल-मुजाहिदीन (JMB) की गतिविधियाँ याद कीजिये। पाकिस्तान की ISI पर प्रतिबंधित इस्लामी संगठन JMB को फंडिंग और प्रशिक्षण देने का आरोप है, जिसने 2016 के ढाका गुलशन कैफे पर हमले के दौरान 20 बंधकों की हत्या को अंजाम दिया था। यही नहीं, 2015 में बांग्लादेशी अधिकारियों ने पाकिस्तानी राजनयिकों को देश से तब निकाल दिया जब उन्हें JMB के एजेंटों को पैसा ट्रांसफर करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। इसके अलावा, साल 2020 की एक खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि ISI ने बांग्लादेश के कॉक्स बाज़ार स्थित शिविरों में 40 रोहिंग्या शरणार्थियों को JMB के ज़रिए प्रशिक्षित किया था ताकि उन्हें भारत में घुसपैठ के लिए तैयार किया जा सके।

## मुद्दा

# पहलगाम आतंकी हमला के हमास–आईएसआई कनेक्शन को समझिए और 'दक्षिणी रणनीति' को भेदिये!

» कमलेश पांडेय

कहीं अमेरिका, कहीं चीन, कहीं रूस, कहीं ब्रिटेन आदि की शह पर फलफूल रहा इस्लामिक आतंकवाद अब एक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा बन चुका है, जो हथियार-गोलाबारूद और सुरक्षा उपकरण निर्माता पूंजीवादी ताकतों को बेहद रास आ रहा है। ऐसा इसलिए कि हर विध्वंस के बाद होने वाले निर्माण से भी किसी न किसी रूप में पूंजीवादियों के ही कारोबार बढ़ते हैं। अलबत्ता शांतिप्रिय और प्रगतिशील देशों को इन वैश्विक षड्यंत्रों से निपटने के बारे में मौलिक रूप से सोचना होगा और जवाबी एहतियाती कार्रवाई करनी होगी, ताकि इनके नापाक मंसूबे कभी भी सफल नहीं हो सकें और ये आपस में ही लड़-भीड़ कर खत्म हो जाएं। देखा जाए तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले ईसाई समुदाय ने दूसरी बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय को निबटाने के लिए आतंकवाद प्रोत्साहन जैसी अनोखी पहल की है, जिसके तहत अरब देश आपस में ही संघर्षरत हैं। इसके अलावा पड़ोसी मुस्लिम देश और अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी वाले गैर मुस्लिम देश भी इनकी जद में आ चुके हैं। भारत उनमें से एक है। उनकी इस नापाक सोच से भी भारत के हिन्दू सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। कहना न होगा कि पहले औद्योगिक क्रांति और अब सूचना क्रांति से पैदा हुए पूंजीवाद के ऊपर सवार होकर ये जज्बातें दुनिया के एक बड़े भूभाग को तबाह किए हुए हैं। पहले इंग्लैंड, फिर अमेरिका, उसके बाद रूस और अब चीन की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं ने इस कदर नैतिक-अनैतिक और प्रतिशोधी रूप में कट्टर इस्लाम मतावलम्बियों का सशत्र दुरूपयोग किया कि अब ये लोग भी दो-चार धड़ों में विभाजित हो चुके हैं और परस्पर खून-खराबे पर उतारू हैं। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता, उदारता और विश्वबंधुत्व की भावना ही उसके गले की हड्डी बन चुकी है।

यही वजह है कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तुलना अब 7 अक्तूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमले से की जा रही है, जो अनायास नहीं है बल्कि इनके बीच कुछ लौकिक साम्यताएं भी दिखाई पड़ी हैं।

पहलगाम आतंकी हमले वाले दिन पर यदि गौर करें तो इजरायल पर हमले से पहले हमास नेताओं की तरह ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने इस आतंकी हमले से कुछ दिन पहले आतंकवादी समूहों को उकसाने के लिए जानबूझकर सांप्रदायिक हिंसा को भड़काने की कोशिश की थी। तब जनरल मुनीर इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानी कन्वेंशन (OPC) में भीड़ के सामने खड़े हुए और कश्मीर को पाकिस्तान की "गले की नस" बताते हुए विवादास्पद 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' का हवाला दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने हिंदू-मुसलमान कार्ड भी खेला और पाकिस्तानियों को हिदुस्तानियों से अलग बताया।इसलिए सवाल उठ रहे हैं कि आखिर अरब आतंकवादी/उग्रवादी संगठन हमास की राह पर ही क्यों चल रही है पाकिस्तानी सेना और इसके क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं? कहना न होगा कि इस समय पाकिस्तानी सेना का हाल लगभग वैसे ही है, जैसे 7 अक्तूबर 2023 के हमले के वक्त हमास का था। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते हमले, बलूचिस्तान में बढ़ते विद्रोह और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में बंद होने के बीच राजनीतिक अस्थिरता ने जनरल मुनीर की सत्ता पर पकड़ को नाटकीय रूप से कमजोर कर दिया है।

## पर्सनालिटी

# दिग्गज कलाकार ही नहीं क्रांतिकारी भी थे बलराज साहनी, ऐसे शुरू किया था फिल्मी सफर

**अभिनेता बलराज साहनी का 01 मई को जन्म हुआ था। वह सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं बल्कि क्रांतिकारी भी थे। वह इकलौते ऐसे अभिनेता थे, जिन्होंने महात्मा गांधी से मुलाकात की थी। अभिनेता बलराज साहनी ने अपने दौर में ढेरों बेहतरीन फिल्में कीं।**

बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय से पहचान बनाने वाले अभिनेता बलराज साहनी का 01 मई को जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी अदाकारी के जरिए आम आदमी की कहानी को पर्दे पर दिखाने का काम किया था। वह सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं बल्कि क्रांतिकारी भी थे। वह इकलौते ऐसे अभिनेता थे, जिन्होंने महात्मा गांधी से मुलाकात की थी। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर अभिनेता बलराज साहनी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

पंजाब के रावलपिंडी में 01 मई 1913 में बलराज साहनी का जन्म हुआ था। इनका असली नाम युद्धिष्ठिर था। बलराज ने अपनी शिक्षा गवर्नमेंट कॉलेज (लाहौर) और गार्डन कॉलेज से पूरी की थी। इंग्लिश लिटरेचर में अपनी मास्टर्स की डिग्री पूरी करने के बाद बलराज रावलपिंडी वापस आ गए और अपने परिवार का बिजनेस संभालने लगे। उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले महात्मा गांधी के सेवाग्राम आश्रम में भी काम किया था।



### फिल्मी करियर

फिल्मों में अपने किरदारों की वजह से बलराज साहनी दर्शकों के दिलों पर राज करते थे। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत फिल्म 'हलचल' से की थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने जेलर का किरदार निभाया था। इसी दौरान एक खबर आई कि कम्युनिस्ट पार्टी का जुलूस निकलने वाला है। जिसमें बलराज साहनी ने भी हिस्सा लिया, लेकिन तभी वहां पर हिंसा शुरू हो गई और पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। बलराज साहनी 3 महीने जेल में रहे और वह सिर्फ फिल्म की शूटिंग के लिए जेल से बाहर आते थे।

### कई फिल्मों में किया काम

बलराज साहनी ने हिंदी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्रियों के साथ काम किया है, जिसमें, नूतन, वैयजंती माला, मीना कुमारी, पद्मिनी और नरगिस जैसी अभिनेत्री शामिल हैं। बलराज साहनी की फिल्मों की बात करें, तो उन्होंने सुट्टा बाजारा, घर संसार, बिंदिया, सीमा, सोने की चिड़िया, भाभी की चूड़ियां, लाजवंती जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा उन्होंने पंजाबी फिल्म 'नानक दुखिया सब संसार' फिल्म में भी काम किया।

### लेखन के शौकीन

बलराज साहनी न सिर्फ बेहतरीन अभिनेता बल्कि एक अच्छे लेखक भी थे। वह साल 1960 में पाकिस्तान गए थे और उन्होंने 'मेरा पाकिस्तानी सफरनामा' नामक किताब लिखी थी। वहीं साल 1969 में सोवियत यूनियन के टूर के बाद बलराज साहनी ने 'मेरा रूसी सफरनामा' किताब लिखी थी। इस किताब के लिए उनको 'सोवियत लेंड नेहरू अवॉर्ड' से नवाजा गया था। इसके अलावा उन्होंने कई कहानियां, कविताएं लिखी हैं।

### मृत्यु

वहीं 13 अप्रैल 1973 को अभिनेता बलराज साहनी का कार्डियक अरेस्ट के चलते निधन हो गया था।

## आज का इतिहास

### महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1981 - पियरे मोरो फ़्रांस के प्रधानमंत्री नियुक्त।
1994 - दक्षिणी यमन द्वारा उत्तरी यमन से अलग होने की घोषणा।
1996 - प्रसिद्ध शीतल पेय कम्पनी पेप्सी ने विश्व में पहली बार अंतरिक्ष में विज्ञापन फ़िल्म बनाने की घोषणा की।
1998 - 32 वर्षों तक लगातार इंडोनेशिया पर शासन करने वाले राष्ट्रपति सुहार्तो का त्यागपत्र।
2002 - बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद को 6 महीने कारावास की सज़ा।
2003 - विश्व के 190 से भी अधिक देशों ने तम्बाकू के ख़िलाफ़ अंतर्राष्ट्रीय संधि को जिनेवा में मंजूरी दी।
2008 - भारतीय स्टेट बैंक ने कृषि क़र्ज पर रोक लगाने सम्बन्धी अपने सर्कुलर को तत्काल प्रभाव से वापस किया। रिजर्व बैंक ने सेंचुरियन बैंक ऑफ़ पंजाब के एचडीएफसी बैंक में विलय प्रस्वाव को मंज़ूरी दी। संयुक्त राष्ट्र संघ की योजना के तहत 15 देशों की वायुसेनाओं के 90 अधिकारियों का एक साझा टेबल अभ्यास हैदराबाद में प्रारम्भ। नोबेल पुरस्कार विजेता भौतिक विज्ञानी विलिस ई लैंक का निधन। मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद के पुत्र दातुक मोखजानी महातिर ने सत्तारुढ़ दल यूएमएनओ से इस्तीफ़ा दिया।
2010 - उड़ीसा तट पर बंगाल की खाड़ी में भारतीय सेना के जंगी जहाज़ रणवीर से भारतीय नौसेना ने सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के उर्ध्वाधर प्रक्षेपण संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
दार्जिलिंग में 'अखिल भारतीय गोरखा लीग' के अध्यक्ष मदन तमांग [56] की हत्या कर दी गई।

### 21 मई को जन्मे व्यक्ति

1940 - नरेश भारतीय - भारतीय मूल के हिंदी लेखक हैं जो ब्रिटेन से हैं।
1931 - शरद जोशी - भारत के प्रसिद्ध व्यंग्य रचनाकार।
1930 - मैल्कम फ्रेजर - ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री।
1857 - सर सुंदर लाल - प्रसिद्ध विधिवेत्ता और सार्वजनिक कार्यकर्ता थे।

### 21 मई को हुए निधन

2021 - सुन्दरलाल बहुगुणा - प्रसिद्ध पर्यावरणविद और 'चिपको आन्दोलन' के प्रमुख नेता थे।
1960 - गामा पहलवान - विश्व के एक मात्र ऐसे पहलवान थे, जिन्होंने अपने जीवन में कोई कुश्ती नहीं हारी।
1991 - राजीव गाँधी - भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी के पुत्र, भारत की कांग्रेस (इ) पार्टी के अग्रणी महासचिव (1981 से) थे, और माँ की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने।
1979 - जानकी देवी बजाज - गाँधीवादी जीवन शैली की कट्टर समर्थक थीं।

आवश्यकता है
आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।
9456884327/8218179552

## संक्षिप्त समाचार

### विनय मिश्रा के बापस आने से अतिक्रमणकर्ताओं में मची खलबली

- शहर में ठप हुआ अतिक्रमण अभियान जल्द हो सकता है फिर से शुरू



» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल।** चंदौसी शहर में अतिक्रमण हटाने में सबसे ज्यादा चर्चाओं में रहे विनय मिश्रा की वापसी से अतिक्रमणकर्ताओं में पुन: हलचल मच गई है। नालों आदि पर बनी दुकानों से लेकर शहर में तमाम अवैध कब्जों को हटवाने के लिए मशहूर रहे डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा की ड्यूटी महाकुंभ में लगाए जाने के बाद अतिक्रमणकारी शहर में पुनः पांव पसारने लगे थे। उन्हें भरोसा हो गया था कि विनय मिश्रा की वापसी अब संभव नहीं है किन्तु अब प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से उन्हें वापस भेज दिया गया है। जिसके चलते जल्द ही अब वह पूर्व की भांति कार्यभार संभाल लेंगे और शहर में ठप हुआ अतिक्रमण अभियान फिर से सक्रिय हो सकता है बता दें कि बीते वर्ष अक्टूबर माह में डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा ने विशेष अभियान चलाते हुए एक सप्ताह के अंदर ही शहर में 100 से अधिक मकानों को ध्वस्त कर अतिक्रमणकर्ताओं की कमर तोड़ दी थी। यही नहीं गजब तो तब हुआ कि विनय मिश्रा ने स्वयं रह रहे मकान को भी अतिक्रमण के दायरे में आने पर उसे भी बुलडोजर चला कर तुड़वा दिया था। अब फिर डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा की वापसी से अतिक्रमणकर्ताओं में हलचल मची हई है। सूत्रों की माने तो स्पष्ट दिख रहा है कि विनय मिश्रा की वापसी के कारण जो लोग अवैध रूप से ज़मीन या संपत्ति पर कब्ज़ा किए हुए हैं, वे अब घबराए हुए हैं और पुन: चिंतित दिखाई दे रहे हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि अतीत में इन अभियानों के दौरान कई बार निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार कार्रवाई नहीं हो पाई जिससे अतिक्रमण फिर से बढ़ गया।

### थाना हयातनगर पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्त किए गिरफ्तार



» सब का सपना संवाददाता

**संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल श्रीशचन्द्र के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार चौधरी व थाना प्रभारी संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु पुलिस टीम द्वारा तीन वारण्टी अभियुक्त 1. रमेश पुत्र बीरबल उम्र करीब 56 वर्ष, 2. मित्रपाल पुत्र बीरबल उम्र करीब 54 वर्ष निवासीगण मौ० हयातनगर कस्बा व थाना हयातनगर जनपद संभल 3. कासिफ पुत्र बन्ने उम्र करीब 42 वर्ष निवासी मौ० हयातनगर कस्बा व थाना हयातनगर जनपद सम्भल मा० न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम जनपद सम्भल को उसके मस्कन से समय करीब 10.25 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो को समय से मा० न्यायालय पेश किया जा रहा हैं।

# जिला अधिकारी ने आर्थिक सहायता के प्रशस्ति पत्र देकर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की दी शुभकामनाएं

### सरकार श्रमिकों के हित के लिए प्रतिबद्ध, जन्म से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विवाह पेंशन तक की चला रखी हैं योजनाएं, लाभ लेने की जरूरत : जिलाधिकारी

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को हित लाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत परिवार में पहली संतान बालिक होने व दूसरी संतान के भी बालिका होने की दशा में पचीस हजार की FD प्रमाण पत्र चालीस श्रमिकों को,इसी प्रकार कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री अथवा पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक के स्वयं के विवाह हेतु पचपन हजार की आर्थिक सहायता राशि छह श्रमिकों को उनके खाते में ऑनलाइन स्थानांतरित करने के पश्चात आर्थिक सहायता के प्रशस्ति पत्र सौंप कर श्रमिक दिवस की बधाई शुभकामनाएं दिया।

जिलाधिकारी ने कहा की सरकार श्रमिकों के हित के लिए प्रतिबद्ध है सरकार श्रमिकों के पुत्री पुत्र के जन्म से लेकर शिक्षा स्वास्थ्य विवाह पेंशन रोजगार तक के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है



आवश्यकता है उनका लाभ लेने की। उन्होंने कहा कि आप लोग स्वयं लाभ लें और आसपास के लोगों को भी जोड़ें। श्रमिकों का योगदान समाज में बहुत है यदि आप सब योजनाओं से नहीं जुड़ेंगे तो लाभ कैसे मिल पाएगा। आगे उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ न होने से आप लोगों का अनेक प्रकार से शोषण हो रहा है उसका एक ही उपाय है कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं से खुद जुड़ें और दूसरों को भी जोड़ें। सरकार के द्वारा अलग-अलग योजनाओं पर अलग-अलग तरीके से आर्थिक

- श्रमिको को सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना चाहिए, सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं से खुद जुड़ें और दूसरों को भी जोड़ें- जिलाधिकारी

सहायता देने का प्रावधान है जैसे मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत पचीस हजार जन्म से दिव्यांग की दशा में पचास हजार, कन्या विवाह सहायता योजना के तहत विवाह हेतु पचपन हजार की आर्थिक सहायता संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना ,निर्माण कामगार मृत्य व दिव्यांग सहायता योजना अटल आवासीय विद्यालय योजना सहित अनेक कल्याणकारी योजनाएं सरकार ने चला रखी है आप सब लाभ लें और दूसरों को भी लाभ दिलाने के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी बड़ी संख्या में जनपद के श्रमिक व योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा का चन्दौसी में स्वतंत्र प्रभार मंत्री के आवास पर स्वागत

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी/संभल:** उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा का सुभाष रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी के आवास पर ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने तिलक,पटका एवम राधाकृष्ण की मूर्ति भेंटकर किया अभिनंदन। तदुपरांत पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा एवम भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रायसती मंदिर परिसर में आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवम पुष्प अर्पित करके किया।

पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा श्रीराम,श्रीकृष्णा और कल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार है जिनके रूप में भगवान बहुत से कार्य लेकर चलते हैं। इसलिए इन अवतारों में भी बाकायदा जन्म लेते हैं, कई वर्षों तक पृथ्वी पर



रहते हैं,पृथ्वी लोक पर कई जन्मों से अपनी प्रतिक्षा कर रहे भक्तों को दर्शन देते हैं,उनके अपने-अपने कर्म अनुसार उनके साथ रहते हैं। और तरह-तरह की लीलाएं करते हैं वही भगवान परशुराम श्रीहरि के छठे अवतार है।शस्त्र और शास्त्रों के दिव्य ज्ञान के लिए पूजनीय भगवान परशुराम की कृपा से हर किसी का जीवन साहस और सामर्थ्य से परिपूर्ण रहे।

बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने कहा भगवान परशुराम के जीवन से साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य, विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श जीवन को अपनाने के लिए हमें मिलकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा, तभी समाज मे न्याय व समता की स्थापना होगी।

इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, रामौतार शर्मा, सतीश अरोरा, डॉ टीएस पाल,मनोज कठेरिया, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल,रोहित दिवाकर, देवेंद्र मोनु, अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, विकास वार्ष्णेय,अभिनव शर्मा, संजय बंसल, राजकुमार यादव, संजय सांख्यधर, सभासद तरुण नीरज, उर्मिला कनोजिया, अमन कोरी, शिवकुमार सैनी,मनोज दिवाकर, आकाश आहूजा, ऋत्विक सिंह, विजय यादव, आलोक शाक्य, आईपीएस चौहान,आमोद वार्ष्णेय, यश मदान, महावीर सिंह,राजश्री अग्रवाल, संजय सैनी, सुशील पाल, अनुभव श्रीवास्तव,क्रांति कुमार, तुषार अग्रवाल, विकी रस्तोगी, आदि उपस्थित रहे।

## जिला अधिकारी ने जल जीवन मिशन की मासिक समीक्षा बैठक का किया आयोजन



» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जल जीवन मिशन की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम से जल विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने डीपीएम एवं टीपीआई एवं एई, कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश देते हुए कहा कि टैंक निर्माण की गुणवत्ता में विशेष ध्यान दिया जाए उसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना हो उसको अच्छे से चेक कर लिया जाए। उन्होंने कहा जो प्लास्टिक की टोटियां लगवाई जा रही हैं वह उच्च गुणवत्ता की हो यदि टोटियां सही नहीं है तो उन्हें न लगाएं।

उन्होंने कहा कि 30 जून 2025 तक का वर्क प्लेन कर ले और जो भी कार्य रह गया है वह शत प्रतिशत पूर्ण करे।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि गुणवत्ता के संबंध में कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा जो भी सड़क पाइप बिछाते हुए तोड़ी गई है, उन्हें सही कर दिया जाए और गर्मी के सीजन में पानी की सप्लाई शत- प्रतिशत होनी चाहिए।

इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी मसीहा नजम, अधिशासी अभियंता जल निगम चंद्रहास सहित प्रोजेक्ट कंपनी के अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इको वैन में लगी आग, यात्रिओं ने कूद कर बचाई जान



» नेशनल एक्सप्रेस /ओमपाल सिंह

**सैदनंगली।** थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में पेट्रोल पंप के निकट गजरौला से संभल जा रही डग्गामार वैन में अचानक आग लग गई। वैन मैं लगभग दस से अधिक यात्री सवार थे। सभी ने जलती वैन से कूद कर अपनी जान बचाई। आग इतनी भयंकर थी की कुछ ही मिनटो में पूरी वैन जल कर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। राहत टीम के पहुंचने से पहले ही गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद वैन में सवार सभी यात्री और चालक मौके से चले गए कुछ समय तक यातायात प्रवाहित रहा पुलिस ने स्थिति को संभाला और यातायात सुचारु कराया थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया मामले की जांच की जा रही है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### सपा सांसद रामजी लाल सुमन को मिल रही जान से मारने की धमकियों पर जताई चिंता





» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई/संभल:** उत्तर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से राज्य में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों (PDA) के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा कई सप्ताह से जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। उनके आवास पर हमला हो चुका है और 27 अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर भी हमला किया गया, जिसमें कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए और कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार दलित विरोधी मानसिकता से ग्रसित है और संविधान विरोधी ताकतों को खुला संरक्षण दे रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रदेश में हत्या, लूट और महिलाओं के साथ दुव्यवहार की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे स्पष्ट है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

पार्टी ने राष्ट्रपति से मांग की है कि वे उत्तर प्रदेश की वर्तमान स्थिति का संज्ञान लें और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए ठोस हस्तक्षेप करें। साथ ही रामजी लाल सुमन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## वी. आर. सन सिटी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी/ संभल:** श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी के तत्वावधान में जारई रोड स्थित वी. आर. सन सिटी में आज ' अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस' श्रमिकों के कल्याण भाव से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1 मई 1886 से हुई जब अमेरिकी मजदूर यूनियनों ने काम का समय 8 घंटे रखने की अपील हड़ताल करके की । विपिन गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस हर साल 1 मई को श्रमिकों के योगदान और उनके संघर्षों को याद करने और उन्हें सम्मान देने के लिए मनाया जाता है । श्यामसिंह ने कहा कि किसी भी देश, समाज, संस्था और उद्योग में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है । हरीश कठेरिया 'एडवोकेट' ने कहा कि मजदूरों की बड़ी संख्या निर्माण कार्य की कामयाबी के लिए




हाथों, अक्ल - इल्म और तनदेही के साथ जुड़ी होती है । के. जी. गुप्ता ने कहा कि किसी भी उद्योग की सफलता के लिए मालिक, सरमाया, कामगार और सरकार अहम धडे होते हैं । डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि सच तो यह है कि कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा ही नहीं हो सकता । सचिन शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारत में मई दिवस सर्वप्रथम चेन्नई में 1 मई 1923 को मद्रास दिवस के नाम से मनाना शुरू किया गया था । जितेंद्र यादव ने कहा कि मजदूरों के योगदान का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता जगाना और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाने हेतु मनाया जाता है । अंत में सभी मजदूरों के कल्याण की कामना करते हुए उन्हें जलपान कराया गया और उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की और संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर ठेकेदार ब्रजेश के साथ श्रमिक धर्मेंद्र, भुवनेश, मुजाहिद, तेजपाल, मनोज आदि उपस्थित रहे । हरिओम, शाहिद, हरकेश ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया ।

## उद्योग व्यापार संघ की कार्यकारिणी घोषित



» सब का सपना संवाददाता

**पिलखुवाः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संघ पिलखुवा की बैठक का गांधी बाजार मे आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष कुशलेश गर्ग ने की। बैठक में 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। प्रदेश महामंत्री प्रवीण मित्तल द्वारा नवनियुक्त दायित्व की घोषणा की गई। संरक्षक डॉ सुबोध गुप्ता नगर अध्यक्ष कुशलेश गर्ग महामंत्री प्रदीप सिंघल कोषाध्यक्ष केशव शर्मा सर्वसम्मति से 3 वर्ष कार्यकाल के लिए नियुक्त किए गए। इस मौके पर संस्था के संरक्षक रामोतार मित्तल अमित मित्तल, पवन कुमार , अजय मित्तल, संतराम सिंघल, राजेंद्र राठी ,अर्पित मित्तल, पंकज मित्तल ,धीरज गर्ग, योगेश बंसल, संजय मित्तल, दिग्विजय कंसल, संदीप गर्ग ,पीयूष अग्रवाल ,राजीव अग्रवाल, मनीष गोयल, विशाल गर्ग आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का एक अभियुक्त किया गिरफ्तार




» सब का सपना संवाददाता



**बहजोई/संभलः** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डा० प्रदीप कुमार के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल मे कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का 01 अभियुक्त सोनू पुत्र उमेश निवासी कटसरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है तथा गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न बैकों की 12 पासबुक, 01 पोस्ट ऑफिस पासबुक, 04 चैक बुक, 33 मूल चैक, 13 डेबिट कार्ड, 13 आधार कार्ड, 08 पैन कार्ड, 03 वोटर आईडी कार्ड, 01 हाईस्कूल की मार्कशीट, 07 बीमा पॉलिसी सर्टिफिकेट, 06 मृत्यु प्रमाण पत्र छायाप्रति, 20 आधार कार्ड छायाप्रति, 15 पैन कार्ड छायाप्रति, 01 हाईस्कूल मार्कशीट की छायाप्रति, 01 जाति प्रमाण पत्र छायाप्रति, 03 बैंक पासबुक छायाप्रति, 07 सिम कार्ड, 01 डायरी, एक बैग, 02 फोन (01 मोटरोला व 01 लावा की पैड कम्पनी का) 01 अदद लैपटॉप एचपी कम्पनी मय सम्बन्धित उपकरण मय बैग बरामद किये गये है। बरामद अभिलेख जनपद सम्भल व मुरादाबाद के रहने वाले व्यक्तियों से सम्बन्धित है, जो कि या तो खुद लाइफ इंसोरेंस है या उनके नॉमिनी है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### आर्थिक स्थिति से जूझ रहे दो युवक लापता,पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

» सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** सोमवार को मुख्य मार्केट में ज्वेलर्स की दुकान करने वाला तेइस वर्षीय युवक दुकान को खुली छोड़कर अचानक गायब हो गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में युवक अपने सहपाठी साथी के साथ बातचीत कर कहीं दूर जाकर रहने की बातें करते सुनाई दे रहे हैं। मंगलवार को युवक के पिता ने बेटे और उसके दोस्त की थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। हल्की दुकानदारी होने के कारण काफी दिनों से परेशान था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में सोमवार को युवक ने कस्बे के ही अपने 22 वर्षीय दोस्त को दुकान पर बुलाया। बातचीत करने के बाद दोनों अपने मोबाइल फोन दराज में रखकर कुछ नकदी लेकर दोपहर के समय दुकान को खुली छोड़कर चले गए। शाम को दुकान बंद करने का समय हुआ तो फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। फोन बंद आ रहा था। दुकान में लगे सीसीटीव कैमरों की फुटेज से युवक और उसके दोस्त के घर छोड़कर जाने की पुष्टि हुई।

# भाजपा ने अखिलेश यादव का फूंका पुतला

» सब का सपना संवाददाता



**चंदौसी/सम्भलः** गुरुवार को मालगोदाम रोड स्थित बाबा साहब भीमराव रामजी अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। समाजवादी पार्टी द्वारा भारतरत्न बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर जी के फोटो को आधा काटकर अखिलेश यादव द्वारा अपना फोटो लगाकर जो बाबा साहब जी का अपमान किया है उसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी संभल द्वारा फुब्बारा चौक पर अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में बहुत रोष है। जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि डॉ बाबा साहब के इस अपमान के लिये समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को कभी माफ नही करेगे।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी के एक पोस्टर के बाद दलित वोट बैंक को लेकर गरमाती दिख रही है। डॉ भीमराव अंबेडकर और अखिलेश यादव के वाले इस पोस्टर को बाबा साहेब का अपमान है और पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करने करेगी।

बीजेपी ने इस मामले में चौतरफा हमला बोल दिया है। योगी सरकार में मंत्री से लेकर सांसद-विधायकों ने इसे बाबा साहेब और उनके अनुयायियों का अपमान बताया। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी संगठन की तरफ से आज पूरे प्रदेश में लखनऊ सहित सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया गया है।

आज सुगंधा सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, अंकुर अग्रवाल, सतीश अरोरा, सुधीर मल्होत्रा,राखी सिरोही, विनोद कुमार बिन्नी, राजकुमार ठाकरे, राज कुमार यादव,अंकित जैन,योगेंद्र त्यागी, डॉ टी एस पाल,अभिनव शर्मा,नरेंद्र आचार्य, उमेश दिवाकर, संजय सैनी, धारा सिंह,राजेश पाल,रोहित दिवाकर, ऋत्विक सिंह, आकाश आहूजा, तरुण नीरज, संजय बंसल,सावन शर्मा,अमन कोली, यश मदान, शुभम अग्रवाल, ओम शर्मा, मुकेश जाटव, ऋषभ रस्तौगी, आलोक शाक्य, आमोद वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, उमेश सैनी, शिव कुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।

## कलक्ट्रेट सभागार में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक का किया गया आयोजन

» सब का सपना संवाददाता



**सम्भल/बहजोईः** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड बदायूं उमेश चन्द्र से बाढ़ से संबंधित तैयारियों को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा तटबंध की मरम्मत को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के क्षेत्र में आने वाले तटबंधों को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि संयुक्त रुप से तटबंधों का निरीक्षण संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षक द्वारा किया जाए तथा सिंचाई विभाग के कर्मचारी भी वहाँ मौजूद रहें। वर्षा से पूर्व जो भी कार्य हैं वह पूरे कर लिए जाएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से वैक्सीन की पर्याप्तता को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा उपजिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी से बाढ चौकियों तथा गोताखोरों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अपनी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि सभी तटबंधों की मॉनिटरिंग रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पट्रोलिंग पर गम्भीरता रहे तथा सूचनाओं का आदान प्रदान सही रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सतीश कुमार कुशवाहा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड बदायूं, उमेश चन्द्र तथा आपदा विशेषज्ञ अच्युत यादव, तहसीलदार गुन्नौर सारा अशरफ, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निवेशक भयमुक्त होकर करें जनपद में निवेश,दी जाएंगी बेहतर सुविधाएंः जिलाधिकारी अमरोहा

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहाः** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा किये एमओयू एवं निवेश मित्र के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से क्रमशः जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया। जनपद अमरोहा में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान कुल 185 एमओयू (MOU) पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें से 61 एमओयू, जिनकी कुल लागत 2128 करोड़ है, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (GBC) के लिए चयनित किए गए। इन परियोजनाओं से लगभग 12,064 लोगों को रोजगार सृजित होने की संभावना है। 61 जीबीसी रेडी परियोजनाओं में से 451 करोड़ की 12 परियोजनाओं पर वाणिज्यिक संचालन (Commercial Operation) शुरू हो चुका है जसके तहत 51 85 लोगों को रोजगार सृजित हुआ है।

- **निवेशकों की बैंकिंग जमीन noc सहित अन्य समस्याओं का कराया जाएगा प्राथमिकता से निस्तारण**

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो निवेशक कार्य आरंभ करने में अनिच्छुक हैं, उनकी समस्याएँ विभागीय स्तर पर निस्तारण किया जाए विभाग को पत्र लिखा जाए एवं उनका त्वरित समाधान किया जाए। जिन परियोजनाओं का ऑन-ग्राउंड वाणिज्यिक संचालन आरंभ हो चुका है, उनका भौतिक सत्यापन कर पोर्टल पर अपडेट किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेशक भय मुक्त होकर जनपद में निवेश करें उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। NOC जमीन बैंकिंग संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र कुमार जिला आबकारी अधिकारी सहित एमओयू किए जाने वाले अन्य संबंधी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम की निकाली शोभायात्रा, जगह जगह स्वागत



» सब का सपना संवाददाता

**गजरौला।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा श्री परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में गुरूवार को बुध बाजार स्थित शिव मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। महासभा के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। सुबह सात बजे पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। यहां से खादगूजर तिराहा, आजादनगर, अवंतिकानगर, बस्ती, इंदिरा चौक, फ्लाईओवर, चौपला होते हुए श्री राम मंदिर पहुंची और यहीं से वापस हो गई। लोगों ने अपने घरों से बाहर आकर शोभायात्रा में शामिल भगवान श्री परशुराम, भगवान श्री राम, भगवान शंकर आदि समेत अन्य सभी झांकियो का अवलोकन किया और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा के साथ बैंड बाजे से भक्ति के स्वर गूंजते रहे। महासभा के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने भगवान श्री परशुराम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी और समाज के लोगों से एकजुटता का आह्वान किया। कहा कि एक दूसरे के सुख दुख में सहयोग करें और अपने महापुरूषों के पदि्चन्हों पर चलें। वहीं शोभायात्रा में सुरक्षा के द्रष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल साथ रहा।

## संगठन की मजबूती को लेकर कांग्रेस ने किया बैठक का आयोजन

» सब का सपना संवाददाता




**मुरादाबाद।** बृहस्पतिवार को कुन्दरकी नगर कांग्रेस कमेटी दुआरा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नवयुक्त जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर का स्वागत किया गया। जिसमें संचालन नगर अध्यक्ष शौकत अली ने ओर अध्यक्षता चौधरी अहसान खान ने की। ओर मुख्य अतिथि श्री विनोद गुम्बर जी रहे। संगठन सृजन मैं अपने विचार रखते हुए जिला महासचिव चौधरी अहसान ने कहा हम सब कांग्रेस को मजबूत करने का प्रण लेते है। संगठन का विस्तार करने की बात की।

जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर जी ने अपने संबोधन मैं। कहा कि हम संगठन सृजन कार्यक्रम राहुल गांधी जी युवाओ को आगे लाने चाहते है।इसलिए जिला ब्लॉक व नगर पंचायत और मण्डल अध्यक्ष का विस्तार करंगे। ओर ज़्यादा से ज़्यादा युबाओ को संगटन में जोडेंगे संगठन सृजन कर्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कुन्दरकी चौधरी दाऊद खान,पूर्व महासचिव अशरफ अली ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश पाल,नासिर सलमानी,सुरेंद्र सिंह जाटव,इरफान खान,अकरम शेख,शाकिर कुरेशी,मुनाजिर,आदिल रहमान,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री वेंकटेश्वरा में बाईनरी एक्रीडियेशन एवं इमोशनल कान्शियेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहा।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा में बाईनरी मान्यता एवं इमोशनल कान्शियेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि, वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए विख्यात शिक्षाविद एवं संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान के प्रेसिडेंट प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि बहुत ही शानदार क्रान्तिकारी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्दर निहित विश्वविद्यालयों एवं उच्च शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता के नये मापदण्ड 'बाईनरी मान्यता' के लागू हो जाने से जहाँ एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, वही दूसरी ओर देश के दूरदराज के इलाकों एवं ग्रामीण अंचल में स्थापित उच्च शैक्षणिक संस्थानों की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. विभाग की ओर से अटल सभागार में आयोजित 'बाईनरी एक्रीडियेशन एवं इमोशनल कान्शियेंट' विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरी, मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा राजस्थान के अध्यक्ष प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक डा. नीतू पंवार आदि ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। एकदिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विख्यात शिक्षाविद एवं संगम विश्वविद्यालय राजस्थान के कुलपति प्रो.(डा.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि शानदार नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब उच्च शैक्षणिक संस्थानों को पुराने 'ग्रेडिंग सिस्टम' को खत्म कर नयी 'बाईनरी मान्यता' को लागू किया जा रहा है। जिससे एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, वही देश के दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' (यू.जी.सी.) का अस्तित्व भी खत्म होकर यह 'भारतीय उच्च शिक्षा आयोग' (एच.ई.सी.आई.) में बदल जायेगा, जो शिक्षा में सुधारों के नये मापदण्ड स्थापित करेगा।

-इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डा. राजेश सिंह, कार्यक्रम संयोजक एवं निदेशक आई.क्यू.ए.सी. डा. नीतू पंवार, समूह सलाहकार आर.एस.शर्मा, डा. टी.पी. सिंह, डा. सी.पी. सिंह, डा. विश्वनाथ झा, डा. लक्ष्मण सिंह रावत, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. आशुतोष गौतम, डा. मनीष शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश गुसाई, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. आरती गुप्ता, डा. ज्योति सिंह, डा. शिल्पा रैना, कुमारी स्मिता चंद्रा, डा. विकास पांडे, डा. राम कुमार, डा.प्रिया, प्रान्शुल सेठी, लोकेश गर्ग, अविनाश सिंह, नागेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार, श्रीमती दीक्षा चौहान, कुमारी तनु श्री व्यास, डा. पूर्वा बाला, सुश्री पूजा ठाकुर, कुमारी अंजलि ठाकुर, डा. अमित कुमार, हिमानी चौहान, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, पूजा एरी, हरप्रीत कौर, अखिल कुमार, मारुफ़ चौधरी, विनीत, अजय, प्रितपाल वैद्य एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदिमौजूद रहे।

## खुशी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय का नाम किया रोशन

» सब का सपना संवाददाता



**गजरौला।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ बोर्ड का परीक्षाफल बुधवार को जारी हो गया। नगर के सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में छात्रा खुशी ने सर्वाधिक 76.65 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ ही उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष विज्ञान वर्ग में राखी ने 70.42 प्रतिशत अंक प्राप्त उत्तर मध्यमा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा कला द्वितीय वर्ग में आलिक उजनिवाल ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक बसंत सारस्वत ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ.शोभित शर्मा, साधना सारस्वत, राहुल शर्मा, उपासना चौधरी, शशि शर्मा ने भी खुशी जताई।

# सपा कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट पर जोरदार धरना-प्रदर्शन

रामजीलाल सुमन के काफिले पर हुए हमले के विरोध में किया धरना, हमलावरों को प्रदेश सरकार का संरक्षक प्राप्त : सांसद रुचि वीरा

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** अलीगढ़ में हुए रामजीलाल सुमन पर हमले में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर 27 अप्रैल को अलीगढ़ के गभाना में हमला हुआ था।

सपा सांसद की गाड़ियों के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जा रहे थे। गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए थे। इन्होंने सपा सांसद के काफिले पर टायर और पत्थर फेंके। हमले के बाद समर्थकों और पुलिस कर्मियों ने रामजीलाल को सुरक्षा घेरे में ले लिया था। मोदी-योगी होश में आओ के नारे लगाते हुए सपाई कलेक्ट्रेट में दाखिल हुए। इस बीच करणी सेना के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग वाले नारे



भी सपाईयों ने खूब लगाए। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता और कार्यकताओं के हाथों में डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें नजर आईं। प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा है। जिसमें करणी सेना के कार्यकताओं पर कड़ी कार्रवाई समेत कई मांगें की गई हैं। राणा सांगा को गद्दार कहने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन पर हमले के विरोध में बृहस्पतिवार को सपाई पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे हैं।

मुरादाबाद में भी सपा सांसद रुचिवीरा और पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन की अगुवाई में सपा कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। दलित उत्पीड़न को लेकर सपा का कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर लगातार हमलो को लेकर सपा में आक्रोश है। बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता चक्कर की मिलक स्थित पार्टी कार्यालय पर इकट्ठे हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर जबरदस्त नारेबाजी कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अनुज सिंह को दिया। मौके पर मौजूद सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा कि हमलावर को प्रदेश सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसी कारण उनके हौसले बुलंद है। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष जयवीर यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली सानू, तुंगीश यादव कुलदीप तुरैहा, गजेंद्र सिंह यादव ,प्रेमपाल यादव, फरीद मलिक समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांठ में भाजपा की एक राष्ट्र एक चुनाव की बैठक हुई आयोजित



सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** कांठ विधानसभा की वैश्य धर्मशाला कांठ में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी जिला मुरादाबाद द्वारा व्यापारी वर्ग संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप डॉ जयपाल सिंह व्यस्त सदस्य विधान परिषद ने विचार रखते हुए कहा कि आज एक राष्ट्र एक चुनाव की जरूरत है। भाजपा कार्यकताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देशभर में जानकारी देने की मुहिम शुरू की है। कांठ में आयोजित कार्यक्रम में डॉ जयपाल सिँह व्यस्त सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ने चुनावों को एक साथ कराने के लाभ बताए। उन्होंने कहा,एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा जानकारी देने की एक मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को शिक्षक विधायक द्वारा कांठ में जानकारी दी गई। कांठ विधानसभा की वैश्य धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के शिक्षक एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने की। उन्होंने बताया की देश को आजाद कराने में युवाओं ने अपनी जान की परवाह तक नही की। भगतसिंह जैसे सूरवीरों के बलिदान के बाद भारत को आजादी मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र की महिला ने थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंगलवार को सुबह नौ बजे गांव के ही इरफान पुत्र अनवार और आशिया पति इरफान मेरे घर पर आकर गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे जब मैंने बाहर आकर देखा तो यह तीनों मुझे तथा मेरी छोटी बहन को और मेरी लड़की को रोड पर मारने पीटने लगे हमने शोरगुल किया तो मोहल्ले के लोग जमा हो गए। लोगों को आते देख यह तीनों हमें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### दो उपनिरीक्षकों का हुआ स्थानांतरण

सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** अपर पुलिस महानिरीक्षक बरेली ने मुरादाबाद परिक्षेत्र में अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा करने पर भोजपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक रामकुमार और विनोद कुमार का स्थानांतरण बरेली क्षेत्र को कर दिया है।

### किसानों के स्टाटर और बिजली के ट्रांसफॉर्म का सामान चोरी,स्टाटर की चोरी से किसान परेशान फसलों को नुकसान

सब का सपना संवाददाता

**मैनाठेर।** एक दर्जन से अधिक किसानों के स्टाटर चोरी और आधा दर्जन बिजली के ट्रांसफार्मर का



सामान चोरी किसान परेशान। क्षेत्र के असालत नगर बघा के जंगल में मंगलवार की बीती रात चोरों ने एक दर्जन से अधिक किसानों के स्टाटर चोरी कर लिए वहीं नलकूपों पर लग रहे बिजली के ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर लिया गया। जिससे किसान परेशान होकर थाने पहुंचे जहां किसान हरज्ञान सिंह सोमपाल ताहिर मुंताज नरेश लल्लू सिंह रामकिशोर सलीम सहित आदि किसानों ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए



सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में बृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रत्नेश चंद्र त्रिपाठी, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है।

# महिला हेल्पडेस्क को ओर प्रभावशाली बनाया जाए पुलिस अधीक्षक नगर

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा नगर क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक



प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से आपके थाने से उच्चाधिकारीगण के कार्यालय आने की आवश्यकता न हो।

साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



सब का सपना संवाददाता

**मैनाठेर।** लगातार हो रही चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे ही मामला कोतवाली के क्षेत्र अंतर्गत का है। जहां बुधवार की रात्रि में कोतवाली के पीछे और आगे तीन घरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। लेकिन जाग होने पर ग्रामीणों की मदद से दो चोरों को पकड़ लिया गया है। दोनों चोर तौफीक के घर में घुसे थे। चोर तौफीक के घर पर जाग होने पर चोरों को पकड़ा इसके बाद लोगों ने ग्राम प्रधान को इसकी जानकारी दी।

जिससे कि ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन तब तक पुलिस मौके पर पहुंची।उससे पहले ही ग्रामीणों ने चोरों को पकड़कर थाने लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम पता आसिफ पुत्र मसीत अय्यूब निवासी लाइन पार कुंदरकी, मोहम्मद फैज पुत्र रियासत निवासी दीपा सराय एक मीनार वाली मस्जिद संभल थाना नकाशा, इससे एक दिन पूर्व क्षेत्र के ही असालत नगर बघा में दर्जन भर ट्यूवेल के स्टार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए और ट्रांसफॉर्म से सामान भी चुरा ले गए इसके बाद ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। कोतवाली से सो

मीटर के आगे पीछे चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया वही तीन दिन पूर्व एक चोरी के आरोपी को पकड़कर ग्रामीणो ने डींगरपुर चौकी पुलिस के सुपुर्द किया। लेकिन चोर पुलिस को कुछ समय बाद ही चकमा देकर चौकी से फरार हो गया।

मीडिया को जानकारी होने पर जब थाना प्रभारी से बात की गई तो पुलिस हरकत में आ गई और देर रात में ही चोरी के आरोपी को पकड़कर थाने लाया गया। और आरोपी चोर पर कार्यवाही हुई। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है और लोग स्टाटर चोरी को लेकर काफी परेशान है क्योंकि फसल बुवाई के लिए फसल के लिए पानी की जरूरत है लेकिन ट्यूबेल बंद होने से उनकी फसलें बर्बाद हो रही है समय पर पानी न मिलने से खेती लेट हो रही है। एक मैरिज हॉल के सामने से एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला भी सामने आया है लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस की कार्य को लेकर भी चचाएं हो रही है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों को मोबाइल व पैसे बरामद कर जेल भेज दिया है।

# दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट एक गंभीर रूप से घायल



सब का सपना संवाददाता

**मैनाठेर।** बाबू पुत्र साबिर निवासी ताहरपुर ने मंगलवार की सुबह पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जाने आलम,शाने आलम पुत्रगढ़ मुन्नै से बुनियाद को कम ज्यादा भरने को लेकर मेरे बेटे जीशान से कहा सुनी हो गई।

तभी मेरे बेटे को दोनों भाई मिलकर गंदी-गंदी गालियां देने लगे मेरे बेटे जीशान ने गाली देने से मना किया तभी दोनों भाइयों ने मिलकर मेरे बेटे से मारपीट शुरू कर दी और मेरे बेटे के सर पर ईंट मार दी जिससे कि मेरे बेटे के सर में खुली चोट लग गई और खून बहने लगा।

पुलिस ने घायल को उपचार के लिए कुंदरकी के सीएचसी भेज दिया। घायल युवक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों भाई जाने आलम और शाने आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर किया जोरदार धरना प्रदर्शन

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में पूरे प्रदेश में अपनी पंद्रह सूत्रीय मांगों को लेकर परिषदीय शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया। परिषदीय शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्रित हुए। धरने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद की समस्त जिला कार्यसमिति,संघर्ष समिति तथा जनपद के समस्त विकास खंडों के ब्लॉक कार्यसमिति,संघर्ष समिति के पदाधिकारीगण,ब्लॉक अध्यक्ष-मंत्री तथा बहुत अधिक मात्रा में जनपद के शिक्षक उपस्थित रहे। उ0 प्र0बेसिक शिक्षा परिषद विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों,समस्याओं के निराकरण हेतु अनवरत प्रयासरत हैं। परन्तु अभी तक विभाग,शासन की ओर से माँगों,समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में कोई कार्यवाही न किये जाने से शिक्षक समुदाय अत्यंत क्षुब्ध एवं आहत है। जिसके कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रान्तीय कार्यसमिति के निर्णय अनुसार बृहस्पतिवार को समस्त शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर अपनी माँगों के समर्थन में शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिया एवं जिला अधिकारी के माध्यम से अपने माँग पत्र की प्रमुख मांगें एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन प्रणाली से आच्छादित किया जाये। विशिष्ट बी0टी0सी0 2004 बैच,बी0टी0सी02001 एवं 2004 बैच, उर्दू बी0टी0सी0 2005 बैच तथा अन्य ऐसे परिषदीय शिक्षक जिनकी भर्ती का विज्ञापन एक अप्रैल 2005 से पूर्व हुआ था, परन्तु नियुक्ति उसके पश्चात हुई थी, को पुरानी पेंशन प्रणाली से आच्छादित किये जाने से सम्बंधित शासनादेश निर्गत किया जाये। एक दिसम्बर 2008 के पश्चात पदोन्नति प्राप्त शिक्षक जिनका पे ग्रेड रुपये 4600 है उनको न्यूनतम रुपये 17140 तथा जिनका पे ग्रेड रुपये 4800 है उनको





न्यूनतम रुपये 18150 का मूल वेतन प्रदान किया जाये।

कोरोना काल के पश्चात टाइम एण्ड मॉशन स्टडी आदेश के अंतर्गत कोरोना काल में बाधित शिक्षण कार्य को पूर्ण किये जाने हेतु ग्रीष्मकाल में विद्यालयों के संचालन का समय प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक निर्धारित किया गया था।प्रदेश में व्याप्त भीषण गर्मी के कारण उक्त संचालन समय को पूर्व की भांति प्रातः सात बजे से दोपहर बारह बजे तक किया जाये। वर्ष 2015 के बाद उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षकों की कोई पदोन्नति नहीं हुई है।चयन वेतनमान में एक ही पद पर 12 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात प्रोन्नत वेतनमान प्रदान किये जाने की व्यवस्था है, परन्तु 2005 के पश्चात प्रोन्नत वेतनमान दिये जाने की कार्यवाही भी नहीं की गयी है।अतः एक माह के अन्दर शिक्षकों की पदोन्नति प्रोन्नत वेतनमान प्रदान किये जाने हेतु निर्देश जारी किये जायें। अन्तः जनपदीय पारस्परिक स्थान्तरण में भी अंतर्जनपदीय स्थान्तरण की भांति प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय एवं सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय को एक दूसरे के साथ पारस्परिक स्थान्तरण की व्यवस्था प्रदान की जाये। उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षकों के अन्तः जनपदीय एवं अंतर्जनपदीय सामान्य स्थान्तरण विगत कई वर्षों से नहीं हो रहे हैं।सामान्य स्थान्तरण किये जाने हेतु आदेश,निर्देश निर्गत किया जाये।अंतर्जनपदीय स्थान्तरण में शिक्षक की सेवा अवधि को 50 प्रतिशत भारांक के अंतर्गत रखा जाये। आकांक्षी जनपदों के शिक्षकों का भी अंतर्जनपदीय स्थान्तरण किया जाये। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के सामान्य भविष्य निधि से अग्रिम आहरण, विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रणाम पत्र के निर्गमन, प्रोन्नत वेतनमान एवं चयन वेतनमान की स्वीकृति, समस्त अनुशासनिक कार्यवाहियों एवं निर्गत नोटिसों का निस्तारण तथा मानव सम्पदा पोर्टल पर संशोधन,अपडेशन संबंधी प्रकरणों का निस्तारण मानव सम्पदा पोर्टल के मॉड्यूल के माध्यम से किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।उक्त मॉड्यूल ठीक ढंग से कार्य नहीं कर रहा है जिसके कारण शिक्षकों के उक्त कार्य बाधित हैं मॉड्यूल को ठीक ढंग से संचालित किये जाने की कार्यवाही की जाये, साथ ही प्रोन्नत वेतनमान एवं चयन वेतनमान की स्वीकृति की प्रक्रिया में संशोधन करते हुए अन्य कार्यों की भाँति उसको भी शिक्षक के मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से आवेदित किये जाने की व्यवस्था की जाये। कतिपय शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल में उनके व्यक्तिगत विवरण एवं उनको प्राप्त होने वाले विभिन्न अवकाशों के अंकन में त्रुटियाँ होती हैं।उक्त त्रुटियों में संशोधन की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है। जिन शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल के विवरण में उक्त त्रुटियाँ पायी जाती हैं उस शिक्षक द्वारा आनलाईन आवेदन खण्ड शिक्षा अधिकारी को भेजा जाता है।खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त आवेदन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पोर्टल पर फारवर्ड किया जाता है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त आवेदन को महानिदेशक कार्यालय में भेजा जाता है।वहाँ से त्रुटियों का संशोधन किया जाता है, परन्तु संशोधन विवरण का स्टेटस पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होता।ऐसी दशा में विवरण में संशोधन हुआ अथवा नहीं, इसकी जानकारी नहीं हो पाती इस संशोधन की प्रक्रिया को यदि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सम्पादित कराया जाये, तो त्रुटिपूर्ण विवरणों को संशोधित कराना सरल हो जायेगा।अतः शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित त्रुटिपूर्ण विवरणों को संशोधित करने का अधिकार सम्बंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रदान किया जाये।

# पत्रकारों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री से करूंगा पैरवी: मयंकेश्वर शरण सिंह

### मजदूर दिवस पर पत्रकारों की सभा में पेंशन, सुरक्षा, चिकित्सा और सुविधाओं को लेकर उठीं मांगें

» सब का सपना संवाददाता








**लखनऊ।** मजदूर दिवस के अवसर पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन और यू.पी. प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पत्रकारों की सभा में पत्रकार कल्याण को लेकर कई महत्त्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने पत्रकारों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए आश्वासन दिया कि वे पत्रकारों की पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री से वकील की तरह मजबूती से पैरवी करेंगे। उन्होंने पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा भी की, जो सभा में उपस्थित पत्रकारों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर पत्रकार यूनियन ने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पत्रकारों से जुड़ी कई पुरानी और लंबित मांगों को रेखांकित किया गया।

#### प्रमुख मांगें और मुद्दे

- पत्रकार पेंशन योजना को तत्काल लागू करने की मांग
- पत्रकार सुरक्षा कानून का निर्माण
- पीजीआई में सभी पत्रकारों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा
- त्रिपक्षीय समिति का गठन, जो पत्रकार उत्पीड़न के मामलों की निगरानी करे
- सस्ते भूखंडों की उपलब्धता
- छोटे व मझोले समाचार पत्रों को विज्ञापन में आरक्षित कोटा
- न्यूज वेबसाइट पत्रकारों के लिए मान्यता और नियमावली
- दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को आर्थिक सहायता हेतु स्पष्ट नीति
- आयुष्मान योजना का विस्तार और प्रभावी क्रियान्वयन
- रेल किराए में पूर्ववत छूट बहाल करने हेतु केंद्र सरकार से सिफारिश
- मीडिया काउंसिल का गठन (प्रेस काउंसिल के स्थान पर)
- टोल टैक्स में पत्रकार वाहनों को छूट देने की मांग

इस अवसर पर आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव ने कहा, ₹पत्रकारों को बुद्धिजीवी नहीं, श्रमजीवी माना जाए,₹ और उनके अधिकारों की रक्षा की पुरजोर वकालत की। प्रेस क्लब अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने पत्रकारों की पेंशन को सरकार द्वारा तुरंत लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। यूनियन अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों के लिए कल्याणकारी योजनाएं सिर्फ कागजों में नहीं, धरातल पर लागू हों। सभा से पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की गई। शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया और सरकार के जवाबी कदमों का समर्थन किया गया।

इस अवसर पर शिव शरण सिंह, प्रेमकांत तिवारी, देवराज सिंह और विश्वदेव राव सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार रखे और यूनियन की मांगों का समर्थन किया।

# निर्वाचन सुधार की दिशा में अहम कदम : मृत्यु पंजीकरण डेटा, पहचान-पत्र और स्मार्ट सूचना पर्ची

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करने और मतदान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाने हेतु तीन महत्त्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ये निर्णय मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान लिए गए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मार्गदर्शन में लागू इन पहलों के समय पर क्रियान्वयन हेतु निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी भी सम्मिलित रहे।

#### 1. मृत्यु पंजीकरण डेटा का उपयोग

निर्वाचन आयोग अब मृत व्यक्तियों के नाम स्वतः मतदाता सूची से हटाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसके तहत, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधित 2023) की धारा 3(5)(ख) के अंतर्गत किया जाएगा।

इससे मृतकों के नाम सूची से हटाने के लिए अब औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। संबंधित क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) फील्ड सत्यापन के बाद मृतकों के नाम स्वतः सूची से हटाने की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इससे मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

#### 2. बीएलओ के लिए मानक पहचान-पत्र

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13ख(2) के तहत नियुक्त सभी बीएलओ को अब मानक फोटो युक्त पहचान-पत्र जारी किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मतदाताओं और बीएलओ के बीच भरोसेमंद संपर्क और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। बीएलओ जब मतदाता सूची के सत्यापन या अन्य डोर-टू-डोर कार्यों के लिए जाएंगे, तो पहचान-पत्र दिखाकर वे नागरिकों का विश्वास प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल नागरिक सहभागिता को मजबूत करेगी।

#### 3. मतदाता सूचना पर्ची का नया डिजाइन

आयोग ने मतदाता सूचना पर्ची के प्रारूप को अधिक उपयोगी और स्पष्ट बनाने का निर्णय लिया है। अब पर्ची में मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या को बड़े और प्रमुख फॉन्ट में दर्शाया जाएगा, ताकि मतदाता मतदान केंद्र और सूची में खुद की पहचान आसानी से कर सकें। इससे विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा मिलेगी। नया डिजाइन मतदान प्रक्रिया को सरल, व्यवस्थित और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

## संक्षिप्त समाचार

### खादी ग्रामोद्योग विभाग देगा निःशुल्क सेमी मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन, 15 मई तक ऑनलाइन करें आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दोना-पत्तल बनाने वाले कारीगरों और परम्परागत हस्तशिल्पियों को आधुनिक सेमी मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई 2025 तक ४स्र'श्ु.ङ्क५.ल्ल वेबसाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

खादी ग्रामोद्योग विभाग के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत लखनऊ जनपद में कार्यरत दोना-पत्तल निर्माण एवं विक्रय कार्य से जुड़े कारीगरों, परम्परागत हस्तशिल्पियों तथा इस उद्योग में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आधुनिक मशीनें वितरित की जाएंगी। आवेदन के लिए आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ए.के. गौतम ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के साथ आवेदकों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण-पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र व संस्तुति पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण-पत्र तथा मोबाइल नम्बर जैसे दस्तावेज संलग्न करने होंगे। पात्र लाभार्थियों का चयन शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, 8, कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ में योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी हेतु मो.नं. 9580503141 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### उन्नाव के पर्यटन को लगेगा विकास का पंख: 887.92 लाख की चार परियोजनाओं को स्वीकृति

- अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली पर बनेगा बहुउद्देशीय हॉल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद उन्नाव में पर्यटन सुविधाओं को विस्तार देने के लिए 887.92 लाख रुपये की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन परियोजनाओं के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को सौंपी गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और सांस्कृतिक पहचान को भी नया जीवन मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं में सबसे अहम योजना अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली बदरका (जनपद उन्नाव) से जुड़ी है। यहां 618.44 लाख रुपये की लागत से एक बहुउद्देशीय हॉल और विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इस परियोजना हेतु 2 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त जनपद उन्नाव के अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए भी परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं:

- मानदेवी मंदिर, सरोसी (उन्नाव सदर) झ 92.12 लाख रुपये
- बिछिया जालिपा देवी मंदिर, पुरवा झ 102.90 लाख रुपये
- तैलहैही माता मंदिर, सफीपुर झ 74.90 लाख रुपये

इन स्थलों के सौंदर्यीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की स्थापना से उन्नाव जनपद को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी। परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की संभावना है।

# लापता महिला की तलाश में पुलिस नाकाम, पति और बच्चों का बुरा हाल

### महिला के पति ने अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण करने का लगाया आरोप

» सब का सपना संवाददाता

**गोंडा।** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर (कौड़हा जगदीशपुर) से पंद्रह दिन पहले लापता हुई एक महिला को पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर सकी है। महिला के पति ने अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण का आरोप लगाया है, लेकिन पुलिस की सुस्त कार्यशैली से परिवार में आक्रोश और निराशा बढ़ रही है। पति ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई,मगर उनकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने मामले में केवल गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खानापूर्ति की,जिससे कटरा बाजार थाने की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

लापता महिला का पति अपनी पत्नी की तलाश में थाने के चक्कर काट रहा है लेकिन पुलिस की ओर से कोई प्रगति नहीं दिख रही। इस घटना ने महिला के पांच बच्चों को भी गहरे सदमे में डाल दिया है, जो अपनी मां के

- **एसपी से गुहार लगाने के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई**

गायब होने से परेशान और हैरान हैं। परिवार का कहना है कि पुलिस न तो कोई सुराग लगा सकी है और न ही मामले को गंभीरता से लिया। पति का आरोप है कि पुलिस उनकी शिकायत को नजरअंदाज कर रही है, जिससे उनका भरोसा कानून व्यवस्था पर से उठता जा रहा है। स्थानीय लोगों में भी पुलिस की लापरवाही को लेकर गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि कटरा बाजार थाना पुलिस अक्सर शिकायतों पर ध्यान नहीं देती। इस मामले ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की निष्क्रियता के चलते परिवार अब सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर मदद की गुहार लगा रहा है। पुलिस को चाहिए कि वह इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर लापता महिला को बरामद करे, ताकि परिवार को राहत मिल सके।

# जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न, संगठन सृजन पर हुई चर्चा

» सब का सपना संवाददाता




**गोंडा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निदेशानुसार 15 अगस्त तक बूथ स्तर तक संगठन निर्माण के साथ ही जिले ब्लॉक तहसील स्तर पर संगठन सृजन पर चर्चा की गई ।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय इंदिरा भवन दिल्ली में देश भर के जिलाध्यक्षों की बैठक में राष्ट्रीय और प्रांतीय नेतृत्व द्वारा बूथ स्तर तक संगठन से जन अभियान के तहत जिले से लेकर के भूत तक संगठन निर्माण की तिथि कर दी गई है इसी क्रम में एक सप्ताह के अंदर जिला कांग्रेस कमेटी का गठन कर ब्लॉक स्तर तक उनकी जिम्मेदारी को तय किया जाना है आज तमाम लोगों द्वारा जिला एवं ब्लाक कमेटियों के लिए नाम सुझाए गए हैं शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी ।जिले भर से आए हुए सैकड़ो पूर्व और निवर्तमान पदाधिकारीयों का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष ने सभी से नियत तिथि के पूर्व ही जिले से लेकर बूथ स्तर तक संगठन सृजन हेतु सबके सुझाव आमंत्रित हैं सब की सलाह के अनुसार ही नई कमेटी का गठन किया जाएगा आप सभी लोग अभी से ही जिम्मेदारों के नाम को तय करना शुरू कर दें

इसी तरह शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी ने भी शहर कांग्रेस कमेटी के साथ ही वार्ड तक कमेटी गठन के लिए उपस्थिति नेताओं के सुझाव आमंत्रित किए ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अरशद खान लोदी पूर्व प्राचार्य बृजेश द्विवेदी, शिव कुमार दूबे,अफजल खान, रघुपति त्रिपाठी, इरशाद हुसैन, अरविंद शुक्ला, जगदीश यादव, राम सिंह सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# श्रमिक दिवस पर जनपद गोंडा में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभियान का आयोजन

### पेरी-अर्बन ग्रामों में चला वृहद स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

» सब का सपना संवाददाता



**गोंडा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनपद गोंडा के 43 पेरी-अर्बन ग्रामों में एक दिवसीय वृहद स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों, नालियों एवं सड़कों की साफ-सफाई कराई गई तथा रोगों की रोकथाम हेतु फॉगिंग कार्य भी सम्पन्न कराया गया।

अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों से कुल ₹5963 का स्वच्छता शुल्क एकत्र किया गया, जिससे ग्रामीणजन की सहभागिता सुनिश्चित हुई। यह अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ, अपितु श्रमिकों के सम्मान में स्वास्थ्य संबंधी पहल के रूप में भी महत्वपूर्ण रहा ।सफाई कार्यों के साथ-साथ सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कर्मियों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया ।इसी क्रम में करनैलगंज विकास खंड के अंतर्गत नारायणपुर माझा एवं ढेमा ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग की भी सफाई कराई गई।

उक्त अभियान का उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को सम्मान देना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को प्राथमिकता देना एवं जनमानस को सामूहिक प्रयासों हेतु प्रेरित करना रहा।

# अविवादित वरासत प्रकरणों में लापरवाही पर जिलाधिकारी का कड़ा रुख

### तीन लेखपालों के विरुद्ध की परिनिन्दा प्रविष्टि

» सब का सपना संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद में राजस्व कार्यों की पारदर्शिता एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा सतत रूप से समीक्षा की जा रही है।इसी क्रम में अविवादित वरासत से संबंधित आवेदनपत्रों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब एवं गंभीर लापरवाही बरतने पर तीन लेखपालों के विरुद्ध मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि (परिनिन्दा) की कार्यवाही की गई है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लेखपाल श्री जय प्रकाश वर्मा(क्षेत्र-सिंहवापुर, तहसील-सदर), श्री केशव चरन लाल (क्षेत्र-सीर बनकट) एवं श्री राज कुमार पाण्डेय (क्षेत्र-पकवान गांव, तहसील-तरबगंज) द्वारा दिनांक 29.04.2025 तक पोर्टल पर

- **समयबद्ध निस्तारण में चूक पर लेखपालों को चेतावनी, भविष्य में होगी कठोर कार्यवाही**

प्रदर्शित स्थिति के अनुसार नियत समयावधि के उपरांत भी आवेदन पत्र लंबित रखे गये, जो स्पष्टतः धारा-33, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अंतर्गत गंभीर लापरवाही का द्योतक है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि अविवादित वरासत के आवेदनपत्रों का नियत समय में निस्तारण शासन तथा मा० राजस्व परिषद द्वारा अत्यन्त संवेदनशीलता से लिया जाता है और उच्चस्तरीय पर्यवेक्षण में इसकी नियमित समीक्षा की जाती है। लेखपालों द्वारा की गई लापरवाही से न केवल प्रशासनिक निदेशों की अवहेलना हुई, अपितु जनपद की छवि को भी आघात पहुँचा है ।उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने लेखपालों के विरुद्ध 'परिनिन्दा' की प्रविष्टि की है एवं उन्हें कड़े शब्दों में आगाह किया है कि भविष्य में यदि ऐसी पुनरावृत्ति पाई गई तो कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि सम्बन्धित लेखपालों को उपलब्ध कराकर इसकी अंकना सेवा अभिलेखों में सुनिश्चित करें तथा तीन दिवस के भीतर तामिला रिपोर्ट सहित अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें। साथ ही, उपजिलाधिकारी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है।

# लखनऊ में बनेगा देश का पहला नौसेना शौर्य संग्रहालय

### युवाओं को देगा प्रेरणा और गौरव का अनुभव

» सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम के समीप भारतीय नौसेना को समर्पित एक अत्याधुनिक शौर्य संग्रहालय की स्थापना कार्य प्रगति पर है। यह संग्रहालय न सिर्फ नौसेना के शौर्य, पराक्रम और ऐतिहासिक उपलब्धियों का जीवंत चित्रण करेगा, बल्कि युवाओं, छात्रों और शोधकर्ताओं को देश की सामरिक शक्ति और वीरगाथाओं से भी जोड़ेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, संग्रहालय में रिटायर्ड युद्धपोतों, मिसाइल, टारपीडो, हेलीकॉप्टर, वायुयान और अन्य नौसेना उपकरणों का प्रदर्शन होगा। आईएनएस गोमती से जुड़े कई उपकरण भी संग्रहालय का हिस्सा होंगे।

इस भव्य संग्रहालय में वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी, इंटरएक्टिव डिस्प्ले और मल्टीमीडिया के जरिए आगंतुकों को नौसेना की रोमांचकारी और प्रेरणादायक गाथा का अनुभव कराया जाएगा। विभिन्न युगों और अभियानों को समर्पित जोन, स्मृति उद्यान और बच्चों के लिए विशेष इंटरएक्टिव इंस्टॉलेशन इस संग्रहालय को अनूठा बनाएंगे।

जयवीर सिंह ने बताया कि यह संग्रहालय न केवल पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि यह भावी पीढ़ियों को सैनिकों की वीरता, देशभक्ति और बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर भी देगा।

# लूट के खुलासे को लेकर व्यापारियों में आक्रोश

» सब का सपना संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के गांधी चौराहा में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें व्यापारियों ने बीते वर्ष सराफा व्यवसाई से हुई लूट के खुलासे पर नाराजगी जताई गई। पीड़ित सरार्फा व्यापारी हरिओम सोनी ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। बैठक में मौजूद पीड़ित पूरे गुरदी मजरे कोरिहरा निवासी हरिओम सोनी पुत्र मंसाराम सोनी ने बताया कि गत वर्ष 2 सितंबर को बदमाशों ने सेमरपहा गांव के गणेशन मंदिर के निकट गोली मारकर उससे 13 लाख रुपये कीमत के जेवरातों से भरा बैग लूट लिया था। इस मामले में वह लगातार पुलिस अधिकारियों से खुलासे की मांग कर रहे थे। शुक्रवार को पुलिस ने उन्हें बुलाया और कहा कि लुटेरे पकड़ लिए गए हैं। हरिओम ने बताया कि वह इलाज के सिलसिले में लखनऊ में था। पुलिस की सूचना पर वह सीधे जिले के सिविल लाइंस चौराहे पहुंचा। जहां से पुलिसकर्मी उन्हें निजी वाहन से कोतवाली लेकर आए। पीड़ित का आरोप है कि कोतवाली में जबरन दस्तखत करा लिए गए। उसे ना तो लूटा गया माल दिखाया गया, ना ही आरोपियों की पहचान कराई गई। हरिओम का कहना है कि उन्हें पुलिस की ओर से किया गया खुलासा मनगढ़ंत और झूठा लग रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने मुख्यमंत्री, डीजीपी और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर पुलिस की नई टीम से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

# अग्निकांड में प्रभावित व्यक्तियों को मिलेगी सहायता धनराशि : तहसीलदार लालगंज

» सब का सपना संवाददाता



**रायबरेली:** तहसीलदार लालगंज ध्रुव नारायण यादव ने बताया है कि 23 अप्रैल 2025 को ग्राम चकवापुर मजरे बेहटाकलां परगना सरेनी तहसील लालगंज जनपद रायबरेली में अज्ञात कारण से अग्निकाण्ड हुआ। इस अग्निकाण्ड में 14 व्यक्तियो के मकान प्रभावित हुये तथा 01 प्रभावित व्यक्ति के 08 पशुओ की पशुहानि हुई। उन्होंने बताया कि इसके सम्बंध में 23 से 25 अप्रैल 2025 तक लगातार वांछित अभिलेखों (आधार कार्ड, बैंक खाता व पोस्टमार्टम रिपोर्ट) उपलब्ध कराने हेतु सम्पर्क व प्रयास किया गया। प्रभावित व्यक्तियो के वांछित अभिलेख 26 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुये, तत्क्रम में सहायता राशि से सम्बंधित बिल बनाकर भुगतान हेतु जिला मुख्यालय को भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान रॉयल्स का टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला

जयपुर (एजेंसी) राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रॉयल्स ने दो बदलाव करते हुए आकाश मधवाल और कुमार कार्तिकेय को मौका दिया है। मुंबई ने अपनी एकादश में कोई बदलाव नहीं किया।

### राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा अंगुली में फ्रैक्चर के कारण आईपीएल से बाहर

जयपुर (एजेंसी) राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा अंगुली में फ्रैक्चर के कारण बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मुकाबलों से बाहर हो गए। रॉयल्स ने एक बयान में कहा कि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने चोट के बावजूद गेंदबाजी जारी रखी और फ्रेंचाइजी सक्रिय रूप से उनके विकल्प की तलाश करेगी। राजस्थान रॉयल्स ने बयान में कहा, ''संदीप शर्मा अंगुली में फ्रैक्चर के कारण बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं।'' बयान के अनुसार, ''उन्होंने पिछले मैच में इस चोट के साथ गेंदबाजी जारी रखने के लिए बहुत बहादुरी दिखाई और फ्रेंचाइजी में हर कोई उनके पूरी तरह से और जल्दी ठीक होने की कामना करता है।''

फ्रेंचाइजी ने कहा, ''टीम प्रबंधन उनके विकल्प को अंतिम रूप देने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है जिसके बाद आधिकारिक घोषणा की जाएगी।''

### आईपीए को मंत्रालय से मान्यता मिलने पर पिकलबॉल में प्रशासनिक रस्साकशी

नयी दिल्ली (एजेंसी) भारत में अपने पैर जमाने की कोशिश में जुटा पिकलबॉल खेल प्रशासनिक रस्साकशी में फंस गया है चूंकि हाल ही में गठिन भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) को खेल मंत्रालय से मान्यता मिलने के बाद पुराने अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने ऐतराज जताते हुए इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। आईपीए को मान्यता देने का फैसला 25 अप्रैल को लिया गया था जिससे उसे सरकार से वित्तीय अनुदान मिल सकेगा और वह देश में खेल के विकास के लिये स्वायत्त रूप से काम कर सकेगा।

खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा ,'' आईपीए को कुछ दिन पहले ही मान्यता दी गई है।''

हालांकि एआईपीए ने अधिवक्ता हेमंत फालफर के माध्यम से दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने खेल मंत्रालय और आईपीए को नोटिस जारी किया जिसमें याचिकाकर्ता के वकील द्वारा व्यक्त की गई तात्कालिकता को देखते हुए उन्हें दो सप्ताह के भीतर अपने जवाब दाखिल करने को कहा।

अदालत ने कहा कि मंत्रालय को अपने जवाब में आईपीए को राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता देने के कारणों को बताना चाहिए।

इसने मंत्रालय से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि ''क्या उसे (आईपीए को) राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुपालन से कोई छूट दी गई है। अगर हां तो इसके पीछे क्या कारण हैं।'' मामले की आगे सुनवाई की तारीख 19 मई दी गई है।

अमेरिका से जन्मा पिकलबॉल खेल टेनिस, टेबल टेनिस और बैडमिंटन का मिला जुला रूप है। यह एकल और युगल दोनों प्रारूपों में खेला जाता है। आईपीए अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' यह महत्वपूर्ण पल है लेकिन हम इसे शुरूआत के तौर पर देख रहे हैं। हमारा फोकस भविष्य पर है जिसमें प्रतिभाओं को तलाशना , कैरियर की संभावनायें बनाना और पिकलबॉल को लोकप्रिय बनाना शामिल है।'' एआईपीए ने हालांकि एक बयान जारी करके खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाये। एआईपीए अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने कहा ,'' यह फैसला निराशाजनक ही नहीं है बल्कि खेल प्रशासन में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर भी सवाल उठाता है।

# ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए पहले से ही तैयार था: सूर्यकुमार यादव

मुंबईः (एजेंसी) मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया के सीमित दौरे के लिए उनकी अनदेखी करने की घटना ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी सबसे यादगार पारियों में से एक बनाने के लिए प्रेरित किया।

सूर्यकुमार ने इसके बाद अबुधाबी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 43 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से जीत दिलाई जो उनकी आईपीएल की सबसे यादगार पारियों में से एक थी। हालांकि यह आईपीएल 2020 का लीग मैच था।




इस मुकाबले में तत्कालीन आरसीबी और भारत के कप्तान विराट कोहली और उनके बीच मैदान पर कुछ तनावपूर्ण क्षण भी हुए थे। कोहली ने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, बस उन्होंने गेंद उठाई और स्ट्राइकर के छोर पर चले गए जहां सूर्यकुमार बल्लेबाजी कर रहे थे।

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज ने 'जियो हॉटस्टार' पर 'सूर्यकुमार यादव एक्सपीरियंस शो' में कहा, ''यह एक भावनात्मक पारी थी क्योंकि कुछ ही दिन पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की घोषणा की गई थी।'' अब भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद थी।

उन्होंने कहा, ''मैं पिछले कुछ वर्षों से इस दौरे के लिए तैयारी कर रहा था। मेरा घरेलू सत्र और आईपीएल अच्छा चल रहा था। मैंने इस सत्र के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार किया था। यहां तक कि कोविड ब्रेक के दौरान अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर काम करने के लिए समय निकाला। मुझे टी20 टीम में शामिल होने की उम्मीद थी।''

सूर्यकुमार ने कहा, ''मेरे आस पास के सभी लोग सोच रहे थे कि मैं ऑस्ट्रेलिया जाऊंगा जिनमें अन्य देशों के साथी खिलाड़ी भी शामिल थे। मैं मानसिक रूप से पहले से ही उस उड़ान के लिए तैयार था। लेकिन जब मेरा चयन नहीं हुआ तो मुझे बहुत झटका लगा। मैं समझ नहीं पाया कि क्या गलत हुआ।''

उन्होंने कहा, ''अगले दो तीन दिन तक मैं सोचता रहा, मैंने किसी से बात नहीं की। फिर मैंने ब्रेक लिया और अभ्यास तक नहीं किया। मैंने 'रिलैक्स' करने का फैसला किया। मैदान पर महेला जयवर्धने और जहीर खान इसे महसूस कर सकते थे।'' सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि टीम के साथी कीरोन पोलार्ड ने उन्हें प्रेरित किया और कहा कि यह खुद को साबित करने का सही मंच है

उन्होंने कहा, ''पोलार्ड ने मुझे कहा कि यह खुद को साबित करने का सही मंच है। भारतीय टीम का कप्तान भी प्रतिद्वंद्वी टीम में है और तुम्हारे पास अच्छी पारी खेलने का सही समय था।''

## खेलमंत्री मांडविया ने सात्विक और चिराग को खेल रत्न प्रदान किया



नयी दिल्लीः (एजेंसी) खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बृहस्पतिवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। इस जोड़ी को मानना है कि उन्हें इससे मौजूदा 'मुश्किल चरण' से बाहर निकलने में मदद मिलेगी जो फिटनेस समस्यों के कारण और बदतर हो गया है।

सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

हाल ही में फॉर्म में आई गिरावट और फिटनेस संबंधी समस्याओं का जिक्र करते हुए सात्विक ने कहा, ''हम पिछले साल खेल रत्न पुरस्कार लेने के लिए राष्ट्रपति भवन नहीं जा सके थे। आखिरकार, अब इसे प्राप्त करने से हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है क्योंकि हम कुछ महीनों से खेल से दूर थे।''

उन्होंने कहा, ''यह हमें वापसी करने और आगामी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।'' मांडविया ने दोनों के 'समर्पण और कोर्ट पर असाधारण प्रदर्शन' की सराहना की।

हालांकि पिछले एक साल से यह जोड़ी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सात्विक और चिराग का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वे मौजूदा सुदीरमन कप से हट गए।

सात्विक ने कहा, ''यह काफी कठिन है, ओलंपिक के बाद बहुत सी चीजें हुई हैं। यह जीवन का हिस्सा है लेकिन चीजें वापस पटरी पर आ जाएंगी और यह सिर्फ एक बुरा दौर है। चिराग कुछ दिनों के लिए चोटिल हो गया था, मैं कुछ दिनों के लिए बीमार था।''

उन्होंने कहा, ''हमने ऑल इंग्लैंड खेला लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। यह सिर्फ समय की बात है, एक बार जब हम टूर पर वापस आ जाएंगे तो हमें कोई नहीं रोक सकता,₹ सात्विक ने कहा।

## सुदीरमन कप : भारत ने बेमानी मैच में इंग्लैंड को 3-2 से हराया

शियामेन (चीन) (एजेंसी) भारत ने बृहस्पतिवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स में अपने अंतिम ग्रुप डी मैच में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की।

इंडोनेशिया के खिलाफ 1-4 से हारने के बाद भारत लगातार दूसरी पराजय से क्वार्टर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत पिछले हफ्ते ग्रुप डी के अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से इसी तरह 1-4 से हार गया था।

इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप डी से क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है क्योंकि चारों ग्रुप में से प्रत्येक से केवल शीर्ष दो टीमें ही नॉकआउट में जगह बना पाएंगी।

दुनिया की 44वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय को महिला एकल मैच में निचली रैंकिंग वाली मिउ लिन नगन को 21-12, 21-16 से हराने में महज 41 मिनट लगे। फिर सतीश कुमार करुणाकरण को हैरी हुआंग को 18-21, 22-20, 21-13 से हराने में एक घंटे 13 मिनट तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी जिसने भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा की महिला युगल जोड़ी ने लिजी टोलमैन और



एस्टेले वान लीउवेन की इंग्लिश जोड़ी को 21-17, 21-17 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। हालांकि भारतीयों ने मुकाबले के आखिरी दो मैच गंवा दिए लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि उन्होंने पहले तीन मुकाबलों में जीत के बाद मैच अपनी झोली में डाल लिया था।

पुरुष युगल मैच में हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति की भारतीय जोड़ी रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन से 52 मिनट में 14-21, 21-11, 13-21 से हार गई।

## अय्यर अब अधिक परिपक्व, वह खेल की परिस्थितियों को पहले से बेहतर समझता है: पोंटिंग

चेन्नई (एजेंसी) पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग ने कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर के विकास की सराहना करते हुए कहा कि अब खेल की परिस्थितियों को लेकर उनकी समझ पहले से कहीं बेहतर है।

अय्यर और पोंटिंग ने मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स में एक बार फिर जोड़ी बनाई है। दोनों ने दिल्ली कैपिटल्स में कप्तान और कोच के तौर पर साथ काम किया था जहां उन्होंने 2019 से 2021 तक फ्रेंचाइजी को प्लेऑफ तक पहुंचाया था और यहां तक कि 2020 में टीम फाइनल में भी पहुंची। चेन्नई सुपरकिंग्स पर पंजाब किंग्स की चार विकेट की जीत के बाद पोंटिंग ने कहा, ''अब उसके अंदर पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास है और यह अनुभव के साथ आता है।''

उन्होंने कहा, ''वह अब पहले से कहीं अधिक परिपक्व खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह खेल और खेल की परिस्थितियों को पहले से कहीं बेहतर समझता है।'' अय्यर






ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन बड़ी नीलामी से पहले उन्हें रिलीज (अपने साथ बरकरार नहीं रखना) कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने इसके बाद उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा।

पोंटिंग ने कहा, ''उन्होंने पिछले साल कप्तान के तौर पर आईपीएल जीता था इसलिए जब आपने ऐसा किया है और आपके पास वह अनुभव है और आप अपनी खुद की प्रवृत्ति पर विश्वास करते हैं। तो मुझे लगता है कि कप्तानी के साथ यही सबसे बड़ी बात है, विशेषकर एक टी20 मैच में जब आपके आसपास सब कुछ इतनी तेजी से हो रहा हो।''

उन्होंने कहा, ''आपको पता है कि चारों तरफ चौके और छक्के लग रहे हैं। मैदान पर शांत रहने की उनकी क्षमता, हालांकि आज रात जब हम ओवर खत्म करने में कुछ ओवर पीछे थे तो शायद वह उतने शांत नहीं थे लेकिन मुझे लगता है कि उनकी परिपक्वता और अनुभव ही सब कुछ है।''

पंजाब किंग्स की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है जिससे टीम पर अय्यर का प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। अय्यर ने ना सिर्फ अच्छी नेतृत्वक्षमता का परिचय दिया बल्कि बल्ले से भी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं।

पोंटिंग ने कहा, ''मुझे उसके साथ काम करना अच्छा लगता है। वह सभी खिलाड़ियों से बात करता है। सभी खिलाड़ी उसके साथ काम करना पसंद करते हैं। जिस तरह से वह उनके साथ संवाद करता है, चाहे वह खेल के दौरान हो या अभ्यास में या टीम होटल में... हम एक अच्छा माहौल बनाने में कामयाब रहे हैं जिससे हर कोई काफी खुश दिखता है।''

कभी शॉर्ट गेंद के खिलाफ कमजोर दिखने वाले अय्यर ने तकनीकी रूप से बदलाव किया है जिससे जिससे उन्हें अपनी लंबे समय से चली आ रही कमजोरी को दूर करने में मदद मिली है। पोंटिंग ने कहा, ''मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। आप लोग देखेंगे कि उसका स्टांस किस तरह से विकसित हुआ है। उसने अपना स्टांस थोड़ा सा खोला है। वह अपनी दाहिनी आंख को गेंद छोड़ने के बिंदू पर अधिक रख रहा है।''

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में लाकड़ा और उत्तम दो नए चेहरे

बेंगलुरू (एजेंसी) मध्य प्रदेश के डिफेंडर प्रताप लाकड़ा और उत्तर प्रदेश के उत्तम सिंह को बृहस्पतिवार को यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में चल रहे सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए पहले से मौजूद 38 सदस्यीय कोर ग्रुप में शामिल किया गया।

यह शिविर 25 अप्रैल को शुरू हुआ जिसमें शुरू में 54 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। एक सप्ताह के आकलन के बाद, हाल के प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म के आधार पर अब टीम में 40 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। पिछले कोर ग्रुप के 38 एथलीट बरकरार हैं, वहीं इन दो नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप और शिविर के




शुरुआती दिनों में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है।

गोलकीपिंग इकाई में कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसमें कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार पोस्ट की रखवाली करते रहेंगे। रक्षात्मक पंक्ति में 10 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है जिसमें अमित रोहिदास, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच और मोहम्मद राहील मौसीन शामिल हैं। प्रताप लाकड़ा को नए चेहरे के रूप में समूह में जोड़ा गया है।

मिडफील्ड में राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, सुमित, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदूरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है।

फॉरवर्ड पंक्ति में गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सेल्वम कार्थी, सुनील जोजो, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सुदीप चिरमाको, अंगद बीर सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में कहा, ''ग्रुप को 40 तक सीमित करने का निर्णय आसान नहीं था। खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रयास और एकाग्रता दिखाई है। चुने गए खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में ही नहीं बल्कि ट्रेनिग में भी खुद को साबित किया है।''

## नीरज चोपड़ा क्लासिक के लिए लाइनअप में शामिल हुए किशोर जेना

नयी दिल्ली (एजेंसी) नीरज चोपड़ा क्लासिक के आयोजकों ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर जेना टूर्नामेंट के लिए लाइनअप में शामिल हो गए हैं जिससे कुल प्रतिभागियों की संख्या 12 हो गई है जिनमें से पांच भारतीय हैं।

नीरज चोपड़ा क्लासिक 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। 29 वर्षीय जेना इस तरह भारत के उभरते हुए भाला फेंक सितारों सचिन यादव, रोहित यादव और साहिल सिलवाल में शामिल हो गए हैं जो दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तलाश रहे हैं।

इस नयी भाला फेंक प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स द्वारा 'ए' श्रेणी का दर्जा दिया गया है जिसमें चोपड़ा सहित पांच भारतीय भाग लेंगे जो इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। जेना हांग्झोउ एशियाई खेलों में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ नीरज के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

प्रतियोगिता के विदेशी प्रतियोगियों में ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठः 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर (93.90 मीटर), कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिकी कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर के साथ मौजूदा सत्र में शीर्ष पर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी




डीन (84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज (85.45 मीटर), ब्राजील के लुईस मौरिसियो दा सिल्वा (85.91 मीटर) हैं।

इस टूर्नामेंट का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा।



# बजरंगी भाईजान 2 को सलमान ने दिखाई हरी झंडी?

कई दिनों से चर्चा थी कि सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल पर काम करने के बारे में विचार कर रहे हैं। वहीं, अब फिल्म के लेखक ने इस पर नया अपडेट दिया है। मशहूर पटकथा लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने खुलासा किया है कि उन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ 2015 की हिट फिल्म बजरंगी भाईजान के संभावित सीक्वल पर चर्चा की और अभिनेता के साथ एक नई कहानी की स्क्रिप्ट साझा की। विजयेंद्र प्रसाद निर्माता एसएस राजामौली के पिता भी हैं और वह बाहुबली और आरआरआर जैसी प्रमुख ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पटकथा लिखने के लिए जाने जाते हैं।

## सलमान को पसंद आया कांसेप्ट

पीटीआई से बात करते हुए विजयेंद्र प्रसाद ने कहा, मैं पिछली ईद पर सलमान से मिला था। मैंने उन्हें एक लाइन सुनाई, उन्हें वह पसंद आई, लेकिन देखते हैं क्या होता है, इसलिए प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि जल्द ही सीक्वल की घोषणा हो सकती है। फिल्म के सीक्वल, बजरंगी भाईजान 2 के बारे में अटकलें जारी हैं और हालिया अपडेट से पता चलता है कि फिल्म पर काम शुरू होने की कगार पर है।

## कई बार सीक्वल पर चर्चा कर चुके हैं सलमान

इस मामले से जुड़े सूत्रों ने संकेत दिया है कि सलमान खान और विजयेंद्र प्रसाद कई बार मिल चुके हैं और कथित तौर पर एक मजबूत पटकथा तैयार कर ली है, जो सीक्वल का आधार बन सकती है। इससे पहले पिंकविला ने बताया था कि बजरंगी भाईजान 2 आधिकारिक तौर पर विकास के चरण में पहुंच गई है। सलमान खान ने हाल ही में लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की और दोनों ने एक संभावित विचार पर चर्चा की। जो बहुप्रतीक्षित सीक्वल का रूप ले सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, वी. विजयेंद्र प्रसाद और निर्देशक कबीर खान के बीच संभावित सहयोग के बारे में बातचीत चल रही है, जिससे पता चलता है कि तीनों इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। कबीर खान द्वारा निर्देशित, बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नवोदित हर्षाली मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। यह छह वर्षीय मूक पाकिस्तानी लड़की शाहिदा की कहानी है, जो दिल्ली से पाकिस्तान लौटते समय अपनी मां से बिछड़ जाती है।



# परिणीति चोपड़ा ने नेटफ्लिक्स सीरीज की शूटिंग की पूरी

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपनी अपकमिंग नेटफ्लिक्स सीरीज की शूटिंग पूरी कर ली है। इस शूट के लिए वह दो महीने पहाड़ों में रहीं, जहां शांत और सुकून भरा माहौल था। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए शूटिंग का अनुभव साझा किया और बताया कि यह शूटिंग उनके लिए जैसे छुट्टी और एक्टिंग सीखने की क्लास दोनों की तरह थी। उन्होंने अपने डायरेक्टर और टीम का शुक्रिया अदा किया। इंस्टाग्राम पर परिणीति ने बीटीएस (बिहाइंड द सीन) फोटोज और वीडियो शेयर कर अपने दो महीने के सफर की झलक दिखाई। उन्होंने अपने को-स्टार्स ताहिर राज भसीन, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, चैतन्य चौधरी, सुमीत व्यास और अनूप सोनी को टैग किया और उन पर भी प्यार जताया। उन्होंने बताया कि सीरीज में इतने ज्यादा एक्शन, ड्रामा और जोरदार सीन थे कि हम सब मिलकर जैसे चिल्लाते रहते थे। एक्ट्रेस ने लिखा, मैं इन पागलपन भरे सीन को करने के लिए किसी और को नहीं चुनूंगी।

उन्होंने कैप्शन के लिए लिखा, दो महीने पहाड़ों में बिताए, जहां शांति, सुकून और एकदम चुप्पी थी... बस एक ही आवाज होती थी, जब हम शूट करते हुए ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहे होते थे! शुक्रिया नेटफ्लिक्स और टीम... यह मेरे लिए लवली वेकेशन और एक्टिंग वर्कशॉप दोनों था। मेरे प्रोड्यूसर्स सिद्धार्थ मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा को प्यार भरी झप्पी... आप जानते हैं कि मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। ठीक है अब मैं वापस अपने कंबल में जा रही हूं। इस शो के बाद आराम की जरूरत है। नेटफ्लिक्स की इस सीरीज का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन रेंसिल डी सिल्वा कर रहे हैं। रेंसिल रंग दे बसंती और उंगली जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जो परिणीति ने अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया। इस वीडियो में आईपीएल मैच देख रहे ऑडियंस उनके पति राघव चड्ढा को जीजू-जीजू कहते सुनाई दिए। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि राघव चड्ढा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स इलेवन के बीच हुए मैच का लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच, जब दर्शकों की नजर उन पर पड़ी, तो वे मैच को छोड़कर उन्हें देखने लगे और जोर-जोर से जीजू-जीजू चिल्लाने लगे। इस दौरान कई दर्शक उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर करते दिखाई दिए। इस वीडियो को परिणीति ने अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, तुम सभी बहुत स्वीट हो।

उल्लेखनीय है कि परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा 2023 में उदयपुर में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की मुलाकात लंदन के एक फंक्शन में हुई थी। परिणीति के भाई शिवांग ने उन दोनों को मिलवाया और उसके बाद दोनों की मुलाकात पंजाब में हुई, जब वह इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला की शूटिंग कर रही थीं। शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकातों का सिलसिला बढ़ने लगा और दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदलने लगी, जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया।



# हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनेस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है

कृष्णा श्रॉफ वास्तव में एक सच्ची फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति उनकी लगन बेमिसाल है। कृष्णा श्रॉफ और उनके भाई टाइगर श्रॉफ द्वारा स्थापित स्रूमैट्रिक्स, भारत में फिटनेस के प्रति नजरिए को बदल रहा है। यह ब्रांड देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले फिटनेस सेंटर्स की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इसकी शुरुआत मुंबई में एक प्रमुख जिम से हुई थी और अब यह पूरे देश में चौदह फ्रेंचाइजी तक फैल चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग उनकी विशिष्ट ट्रेनिंग और वेलनेस शैली को कितना पसंद करते हैं। मैट्रिक्स का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन उपकरण और ऐसी प्लेस प्रदान करना है जहाँ लोग वास्तव में प्रेरित होकर व्यायाम कर सकें, और यह भारत में सही दिशा में विस्तार कर रहा है।

## हमने ऐसा माहौल बनाया है जो बिजनस से ज़्यादा कम्युनिटी जैसा लगता है

कृष्णा ने बताया, हम एमएमए मैट्रिक्स के साथ कुछ खास बनाना चाहते थे, एक ऐसी जगह जो आम जिम के अनुभव से कहीं बढ़कर हो। हमारा लक्ष्य है कि भारत में विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं को लाना है, साथ ही व्यक्तिगत स्पर्श भी बनाए रखना है। जब आप हमारे स्पेस में प्रवेश करते हैं, तो आपको तुरंत ही अंतर महसूस होता है। यह सहायक, समावेशी वातावरण है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें पुनर्वास की आवश्यकता वाले लोग भी शामिल हैं। एमएमए मैट्रिक्स की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशी सोच है। इसके कार्यक्रम और सुविधाएँ इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि विभिन्न बैकग्राउंड और ज़रूरतों वाले लोग जुड़ सकें। इसके प्रशिक्षक पुनर्वास-केंद्रित ट्रेनिंग में भी निपुण हैं, जिससे वे उन लोगों की मदद कर पाते हैं जो सामान्य जिम के अनुभवों से वंचित रह जाते हैं। व्यक्तिगत सहायता के साथ श्रेष्ठ-गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे को जोड़कर, एमएमए मैट्रिक्स भारत में हर किसी के लिए फिटनेस को सुलभ और सार्थक बनाने के अपने मिशन को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा, कई व्यावसायिक जिमों के विपरीत, हमने ऐसा माहौल बनाया है जो व्यवसाय से ज़्यादा समुदाय जैसा लगता है। शुरू से ही हमारा लक्ष्य यही था- अपने लोगों को उच्चतम गुणवत्ता वाला फिटनेस वातावरण प्रदान करना जहाँ वे प्रेरित, समर्थित और सम्मानित महसूस करें। यह सिर्फ़ उपकरणों के बारे में नहीं है; यह एक ऐसा स्थान बनाने के बारे में है जहाँ हर कोई अपनी फिटनेस यात्रा में आगे बढ़ सके। संस्थापकों ने समझा कि बढ़िया उपकरण ही काफ़ी नहीं हैं – स्थायी फिटनेस आदतों के लिए सही भावनात्मक और मानसिक वातावरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।



# संदीपा धर ने अपनी प्रेरणा माधुरी दीक्षित को किया सलाम



इंटरनेशनल डांस डे के अवसर पर अभिनेत्री संदीपा धर ने डांस के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभिनेत्री माधुरी दीक्षित उनकी प्रेरणा हैं और उन्होंने ही डांस के मैजिक से उन्हें सबसे पहली बार रूबरू कराया। संदीपा डांस की दिवानी हैं और उनका मानना है कि डांस खुशी पाने का एक सरल सा साधन है। संदीपा ने बताया, नृत्य में एक ऐसी सच्चाई होती है, जिसे शब्द कभी पूरी तरह बयां नहीं कर सकते। नृत्य मेरे लिए दशकों से सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक साधना की तरह रहा है, यह दुनिया की खूबसूरती को महसूस करने का एक जरिया है। बचपन में संदीपा, माधुरी दीक्षित की खूबसूरती और उनकी भावनाओं से भरी प्रस्तुति को देखकर आकर्षित हुईं और उन्हें डांस की खूबसूरती और ताकत का अहसास हुआ। अपनी भावना व्यक्त करते हुए संदीपा ने कहा, माधुरी मैम को डांस करते देखना किसी जीवंत कविता को देखने जैसा है। वह सिर्फ स्टेप्स नहीं करतीं, बल्कि कहानियां सुनाती थीं, दिलों को छूती थीं। उन्होंने मुझे सिखाया कि डांस सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि सच्चाई, आत्मा और ईमानदारी से जुड़ा होता है। संदीपा के लिए डांस आज भी जीवन के हर पड़ाव में खुद से जुड़ने का सबसे सच्चा माध्यम है। उन्होंने आगे कहा, डांस हर दिखावे को हटा देता है। यह आपको उस पल में ले जाता है, जहां आप खुलकर सांस लेते हैं। माधुरी मैम से मैंने सीखा है कि सच्चे और खुशी से भरे पलों में ही असली ताकत होती है। अपनी बात खत्म करते हुए संदीपा ने कहा, आज मैं सिर्फ डांस का नहीं, बल्कि उन लोगों के जज्बे का भी जश्न मना रही हूं, जिन्होंने हमें डांस की असली खूबसूरती दिखाई। धन्यवाद माधुरी मैम, आपने मुझे दिल से डांस करना सिखाया। भरतनाट्यम, जैज और कंटेम्पररी डांस में प्रशिक्षित संदीपा धर ने फिल्मों, वेब शोज और मंच पर अपने डांस के टैलेंट से कई बार दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।

# प्रियंका चोपड़ा ने किया इरफान खान को याद

दिंवगत अभिनेता इरफान खान की पांचवीं पुण्यतिथि पर सभी सितारे उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इस कड़ी में प्रियंका चोपड़ा ने भी उन्हें याद करते हुए भावुक संदेश लिखा। प्रियंका ने अपनी फिल्म 7 खून माफ की एक झलक के साथ दिवंगत अभिनेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इंस्टाग्राम पर फिल्म की एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- आपके और आपके टैलेंट के बारे में सोच रही हूं। न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर से पीड़ित होने के दो साल बाद अप्रैल 2020 में 53 साल की उम्र में इरफान का निधन हो गया था। उनके निधन के समय भी प्रियंका ने अभिनेता के जीवन और विरासत का सम्मान करते हुए एक भावनात्मक संदेश भी साझा किया था।





# मेरे एक्टिंग करियर में सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी सुखद बदलाव वाली फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर अपकमिंग फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे। अभिनेता ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में काम करना शानदार और उनके करियर में बदलाव लाने वाला साबित हुआ। फाइटर और किसको था पता जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले अक्षय ने बताया कि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी उनके करियर में एक सुखद बदलाव लेकर आया।

अक्षय ने बताया, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव से भरा रहा। पिछले कुछ सालों में मैंने कई तरह के गंभीर, कई तरह के किरदार निभाए हैं। ऐसे रोल, जो डार्क और चुनौतियों से भरे रहे। ऐसे में इस फिल्म ने मुझे एक अलग तरह की एनर्जी से रूबरू कराया है। उन्होंने कहा, फिल्म में मेरा किरदार खास है, जिसे निभाना भी खास रहा। यह एक सुखद बदलाव है, लेकिन इसमें एक ट्विस्ट भी है, जिसे मैं सभी के लिए सरप्राइज रखने जा रहा हूं, दर्शकों को अपने किरदार से मिलाने के लिए उत्साहित हूं।

अभिनेता इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। अभिनेता ने आगे कहा, ऐसे शानदार एक्टर्स के साथ काम करना फिल्म को और भी खास बना देता है। सेट पर कमाल की एनर्जी रहती है। वरुण, जान्हवी, सान्या और रोहित के साथ काम करना आनंद से भरा है। इससे पहले अभिनेता ने बताया था कि करण जौहर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म उनके लिए बेहद खास है और इसमें काम करना उनके करियर की एक बड़ी सफलता है। अपने अभिनय सफर के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने बताया था, धर्मा प्रोडक्शंस जैसे पावरहाउस का ध्यान आकर्षित करने में मुझे 14 साल लग गए और मेरे लिए, यह एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि है।

उन्होंने कहा, हमारी इंडस्ट्री में करण जौहर की फिल्में न सिर्फ अपनी कहानी कहने, बल्कि दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए भी जानी जाती हैं। धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म का हिस्सा बनना एक विरासत में शामिल होने जैसा है। यह किसी भी अभिनेता के लिए एक सपना है क्योंकि इसके साथ बहुत अधिक एक्सपोजर, पहुंच और सम्मान आता है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस प्रोजेक्ट में अक्षय ओबेरॉय के साथ सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अभिनव शर्मा, मनीष पॉल और मानिनी चड्ढा भी अहम भूमिकाओं में हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 12 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

# शाहरुख की किंग में दीपिका बनेगी हीरोइन

शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग के बारे में अपडेट का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब इस फिल्म पर नया अपडेट सामने आया है, जो फिल्म की हीरोइन के बारे में है। शाहरुख की फिल्म किंग में दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में होंगी। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर की शूटिंग 18 मई से मुंबई में शुरू होगी। इसमें अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अभय वर्मा, अरशद वारसी और जयदीप अहलावत भी हैं। शुरुआत में दीपिका अपनी नवजात बेटी के साथ समय बिताने के कारण शूटिंग में शामिल नहीं होने वाली थीं। हालांकि, फिल्म की शूटिंग में देरी होने के कारण अब वह शूटिंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। दीपिका के लिए इसमें 10 से 12 दिनों की शूटिंग है, जिससे यह एक विस्तारित कैमियो बन गया है।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।